41.	1–60 अपिव	निधि चौधरी	जीवगोस्वामी प्रणिता क्रम संदर्भ की दार्शनिक मीमांसा	
42.	1–61 अपिव	परूल	वैशिशीकसूत्रोपस्कर निरूपित विशेष गुण समीक्षानम	
43.	1–62 अजा	पंकज कांति सरकार	इन्वायरमेंटल ऐथिक्स एंड फ्यूचर जनरेशनः सम ऑब्जर्वेशन्स	त्यागपत्र दे दिया है
44.	1–63 सामान्य	राकेश कुमार सिंह	क्वेश्चन ऑफ बीइंगः ए क्रिटिकल रिफ्लेक्शन ऑफ हीडेगर्स फिलोसफी	
45.	1–64 अपिव	राखी देबनाथ	रिविजिटिंग द टेल ऑफ जैक डेरिडा डिकंस्ट्रक्शनः ए क्रिटिकल स्टडी	

46.	1–65 अजा	रोहित सुधाकर गायकवाड	"आस्तित्ववादी तत्ववदनयनतिल मृत्यु संकल्पनाः एक तात्विक चिकित्सा"	
47.	1–66 सामान्य	सौरभ तोडरिया	टैंपरलिटी, फ्रीडम एंड रिपीटीशनः ए स्टडी ऑफ मार्टिन हीडीगर्स फिलॉसफी	
48.	1–67 सामान्य	शंकर दत्त	चतुहु सूत्री पर्यन्तयः शिवरकमनीदीपिकायह समीक्षात्मक अध्ययन	
49.	1–68 अपिव	शारदा वंदना	मार्क्स एवं मानवेंद्र नाथ राय के भौतिकवाद का तुलनात्मक अध्ययन	
50.	1–69 सामान्य	सीमा देवी	मानवतावादः एक दार्शनिक अध्ययन (स्वामी विवेकानंद के विशेष संदर्भ में)	
51.	1–70 सामान्य	श्वेता सिंह	मोरल जनरलिज्म एंड पर्टिकुलेरिज्मः एक क्रिटिकल एनेलिशिस	
52.	1–71 सामान्य	सोनिका वर्मा	कन्वर्जिंग स्टोरीज इन इकोक्रिटिज्मः ए स्टडी ऑफ रेस, क्लास, जैंडर एंड लिटरेरी ईकोलॉजीस	
53.	1–72 अजा	सुरजीत कुमार	हीडीगर्स कान्सेप्ट ऑफ आर्टः ए क्रिटिकल एनेलिशिस	त्यागपत्र दे दिया है
54.	1–73 सामान्य	सूर्य प्रकाश पांडे	गांधी दर्शन में अहिंसा की अवधारणा के विविध आयाम एवं इसका समकालीन पुनर्मूल्यांकन	
55.	1–74 अपिव	टेरेंश मुखिया	इम्पैक्ट ऑफ क्रिस्टेनिटी अपॉन द लीपचा एंड तमंह ट्राइबल कम्युनिटीज इन द दार्जलिंग डिस्ट्रिक्ट (1841.2012) –ए फिलोसोफिकल प्रस्पेक्टिव	
56.	1–75 सामान्य	विकास कुमार सिंह	शंकर की माया की अवधारणा का स्वामी विवेकानंद और श्री अरबिंदो के आलोक में दार्शनिक अनुशीलन	
57.	1–76 सामान्य	जैद अहमद सिद्दीकी	आइडियोलॉजी ऑफ एस्थेटिक्स इन रबिन्द्रनाथ टैगोर	

VI. परियोजनाएं

परिषद् परियोजनाओं की अपनी योजनाओं के तहत संस्थानों के जरिये परियोजनाओं के लिए एकल शोध छात्रों को उनके प्रस्तावों की मेरिट के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करता है। प्रस्ताव पूरे वर्ष आमंत्रित किए जाते हैं। प्रस्ताव वर्ष में दो या तीन बार मूल्यांकन के लिए रखे जाते हैं। मूल्यांकन रिपोर्ट अंतिम स्वीकृति के लिए अनुसंधान परियोजना समिति में रखी जाती हैं और फिर परियोजनाएं शुरू करने के लिए परिषद् के नियम एवं शर्तों के अनुसार, अनुदानग्राही को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। कभी–कभी आरपीसी द्वारा सीधे सीधे प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है। कुछेक मामलों में अगर आइसीपीआर के सक्षम निकाय की मंजूरी लेकर परिषद् भी कुछ विशिष्ट परियोजनाएं शुरू करता है। परियोजनाओं की पांडुलिपि मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत की जाती हैं और तत्पश्चात संभावित प्रकाशन किया जाता है।

वर्ष 2014–15 में निम्नलिखित परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

क्र. सं.	**अनुदानग्राही का नाम**	**शीर्षक**	**बजट और समय अवधि**
1.	डॉ. लिपि मुखोपाध्याय	एन एक्सप्लोरेटिव स्टडी ऑफ सोशियो–इकोनॉमिक **एंड कल्चरल चेंजेस इन डिसेन्डेंट्स ऑफ श्री रामकृष्ण परमहंस**	1.55 लाख रु. 6 माह
2.	डॉ. सी पोलोस	कल्चर, ट्रेडिशन एंड कन्टमपरेरी चेजेसः **रिडिस्कविरंग द मीनिंग एंड रेलेवेंश ऑफ गुरू ट्रेडिशन इन इंडियन कल्चरल ट्रेडिशन**	13.33 लाख रु. 2 वर्ष
3.	डॉ. हेमंत कुमार कलिता	अंडरस्टैंडिंग ट्राइबल रिलीजन एंड वर्ल्ड **रिलीजन इन द कान्टेक्स्ट ऑफ लोअर असम ऑफ नॉर्थ ईस्ट इंडिया**	2.00 लाख रु. 2 वर्ष
4.	डॉ. अशोक टंडन	लिविंग टूगैदरः रिथिंकिंग आइडेंटिटी **एंड डिफरेंस इन मॉडर्न कांटेक्स्ट**	1.50 लाख रु. 2 वर्ष
5.	डॉ. आभा सिंह	कान्सेप्ट ऑफ फ्रीडम इन बुद्धिज्म एंड एक्जिशियलिज्म	2.00 लाख रु. 6 माह
6.	डॉ. आत्रेयी मुखर्जी	इम्पैथीः डिफरेंट पर्सपेक्टिव	2.00 लाख रु. 2 वर्ष
7.	डॉ. ज्ञान प्रकाश	ट्रावर्सिंग द टेरीटरी ऑफ कंपरेटिव फिलोसफी	2.00 लाख रु. 2 वर्ष

8.	डॉ. प्रशांत बगद	गांधी क्रिटिक्यू ऑफ मॉडर्निटी इन हिंदी स्वराजः **ए फिलोसफीकल स्टडी**	1.50 लाख रु. 3 वर्ष
9.	डॉ. लालिमा धर चक्रवर्ती, नई दिल्ली और सहयोगी अनुसंधानकर्ता डॉ. पी.जी. धर चक्रवर्ती	**ए फिलोसफी ऑफ रबिन्द्र संगीत**	6.00 लाख रु. 2 वर्ष
10.	डॉ. रीना पत्रा	ऐथनिक आइडेंटी नेशनिलिज्म एंड कल्चरः **:फिनोमिनोलॉजीकल ग्राउंडिंग फॉर वदरनेश इन नॉर्थ ईस्ट इंडिया**	10.00 लाख रु. 2 वर्ष
11.	डॉ. प्रीति सिंह	सूफीज्म–ए स्टडी ऑफ इट्स हिस्टोरीकल **पर्सपेक्टिव्स एंड एलीमेंट्स ऑफ कम्युनल हारमनी इन एन ऐज ऑफ कॉनफिलिक्ट**	10.00 लाख रु. 2 वर्ष
12.	प्रोफेसर जॉर्ज करूवेली	रियलिज्म एंड रिलेटिविज्मः टूवार्ड्स एन अपिस्टोमोलॉजी	2.63 लाख रु फॉर द पोस्ट. मॉडर्न वर्ल्ड

VII. प्रकाशन

दर्शन और अध्ययन से संबंधित विषयों की पुस्तकों का प्रकाशन करना, परिषद् के महत्वपूर्ण कार्यकलापों में से एक है, परिषद् उसकी अनुसंधान परियोजना समिति द्वारा प्रकाशन के लिए, लिए गए विषयों के अलावा, परियोजनाओं से प्राप्त पांडुलिपियों और इसके द्वारा प्रायोजित फेलोशिप, सेमिनार और कार्यशालाओं पर विचार करता है। परिषद् ने अपने प्रकाशन कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2014–15 में निम्नलिखित के प्रकाशन पर विचार किया है।

क्र. सं.	**लेखक/संपादक का नाम एवं पदनाम**	**पुस्तक का नाम**	**पुस्तक का सह–प्रकाशक, आईएसबीएन और मूल्य**
1.	प्रोफेसर ए.डी. शर्मा सच्चिदानंद मिश्रा ,(Ed.) और के.एन. झा (tr. In Hindi)	न्यायादर्शन (नयासूत्र–नयाभाष्य) महामहोपाध्याय फणिभूषण तारवगीज कृत बंगला व्याख्यान सनबलिता	मै. डी. के. प्रिंटवर्ल्ड ISBN 978-81-246-0809-8 1050 रु.

2.	प्रो. ताप्ती मैत्रर	अद्वैत मेटाफिजिक्सः ए कंटमपोरेरी पर्सपेक्टिव	मै. डी. के. प्रिंटवर्ल्ड ISBN 978-81-246-0747-3 425 रु.
3.	प्रो. सुजाता मिरी और प्रो. करिलिमला	एओ नागावर्ल्ड–व्यू: ए डायलॉग	मै. डी. के. प्रिंटवर्ल्ड ISBN 978-81-246-0808-1 465 रु.
4.	मनीषा देशगुप्ता प्रोबल दासगुप्ता द्वारा संपादित	ऑन लव एंड फ्रेंडशिप इन द इंडियन कान्टेक्स्ट एंड सिग्मुड फ्रूड	मै. डी. के. प्रिंटवर्ल्ड ISBN 978-81-246-0809-8 550 रु.

VIII
सेमिनार/सम्मेलन/औपचारिक वार्तालाप/ कार्यशाला/परिचर्चा/संवाद

आईसीपीआर विद्वानों को अपने शोध दिखाने, अपने विचार व्यक्त करने और अन्य विद्वानों से बातचीत करने का अवसर देने के लिए दर्शन एवं अंतःविषय अध्ययनों के क्षेत्र के विभिन्न विषयों पर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित करता है, इसके अलावा, परिषद् सेमिनार/परिचर्चा/कार्यशाला/संवाद आयोजित करने के लिए भारतीय विश्वविद्यालयों के दर्शन विभागों को अनुदान भी देता है। रिपोर्टाधीन वर्ष 2014–15 के दौरान, परिषद् ने कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विभिन्न संस्थानों को कुछ अनुदान देता है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः

क. सेमिनार/सम्मेलन/कार्यशाला आदि के लिए आईसीपीआर अनुदान।

क्र. सं.	आयोजक का नाम	सेमिनार का नाम	स्वीकृतिधीन बजट
1.	प्राचार्य, दीन दयाल उपाध्याय कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली	एशियाई समाजः 18वी शताब्दी के उत्तरार्ध और 19वीं शताब्दी के दौरान भारतीय विद्या और भारतविद्ता पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन	5,00,000 रु.

2	डॉ. आर. अहमद, फारसी विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गोपीनाथ बरदौली नगर, गुवाहाटी. 781014	उमर खय्याम की दार्शनिक मनीषा और पूर्वी व पश्चिमी दार्शनिक क्षेत्रों पर इसके प्रभाव पर राष्ट्रीय सेमीनार	5,50,000 रु.
3.	डॉ. एस. लॉडनाथन, दर्शनशास्त्र विभाग, अरूल अननंदर (स्वायत्त) कॉलेज, करूमाथुर, मदुरै 625 514	लोकतांत्रिक और सैद्धांतिक समाज के बदलते स्वरूप में पहचान और सबंधात्मकता की दृष्टि पर राष्ट्रीय सेमिनार	2,40,000 रु.
4.	डॉ. मनीषा बरूआ, दर्शन विभाग, गुवाहाटी विश्वविद्यालय, गुवाहाटी–781014 असम	डॉ. राधाकृष्णन के नए वेदांतवाद– एक मूल्यांकन पर राष्ट्रीय सेमिनार	2,75,000 रु.
5.	डॉ. ओम प्रकाश भारतीय, एसोसिएट प्रोफसेर, समाजशास्त्र विभाग, सामाजिक विज्ञान संकाय, बीएचयू, वाराणसी– 221005	डॉ. अंबेडकर के सामाजिक दर्शन पर सेमिनार	2,00,000 रु.
6.	प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार तराई, दर्शनशास्त्र और संस्कृति स्कूल, एसएमवीडी विश्वविद्यालय, जम्मू एवं कश्मीर	दर्शन में शोध कौशल बढ़ाने पर सेमिनार	2,61,000 रु.
7.	प्राचार्य, लोयोला कॉलेज, चेन्नई	मंदिर और तीर्थस्थलः दार्शनिक दृष्टि पर सेमिनार	1,00,000 रु.
8.	सुश्री शिमी सीएम, दर्शनशास्त्र विभाग, श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कालाडी, एर्णाकुलम 683574	बहु–संस्कृतिवाद और पहचान की राजनीतिः समकालीन भारत में बहु–संस्कृतिवाद से संबंधित समस्याओं के दार्शनिक आयाम पर सेमिनार	2,60,000 रु. (60,000 रु. की अतिरिक्त राशि सहित)

9	प्रो. प्रकाश चंद्र महापात्रा, दर्शनशास्त्र में रीडर, चौधवाड़ कालेज, चौधवाड़ पीओ–कपलेश्वर, जिला कटक– 754071.	प्रो. पी. के. महापात्रा की नैतिक दर्शन पर सेमिनार	1,00,000 रु.
10	प्रोफेसर जी. मिश्रा, दर्शनशास्त्र विभागए चेपक कैंपस, मद्रास विश्वविद्यालय, चेन्नई–5	''फिलोसफी करना, इनोवेशन और भीतर से परंपरा को बदलनाः श्रीनिवास राव का समकालीन दार्शनिक विचारधारा में योगदान''	3,70,000 रु.
11	स्वामी सुपर्णानंद, रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान, गोल पार्क, कोलकाता 700 029	सांस्कृतिक विरासत पर राष्ट्रीय सेमिनार	5,00,000 रु.
12	प्रोफेसर आर.बी.एस वर्मा, सामाजिक कार्य विभाग, जैन विश्व भारती संस्थान, लडनुन, नागौर, राजस्थान 341306	जनजातीय अधिकारः दार्शनिक आधार, समस्याएं और दृष्टि पर राष्ट्रीय सेमिनार	3,00,000 रु.
13	डॉ. आरती बरूआ, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र विभाग, देशबंधु कॉलेज, कालकाजी, नई दिल्ली	स्वयं, दुनिया नैतिकताः उपनिषद (ओपनिक हट) के विशेष संदर्भ में कस्चोपीनीहोर और भारतीय दर्शन पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार	5,00,000 रु.
14	डॉ. अपार, कुमार, दर्शनशास्त्र के सहायक प्रोफेसर, मणिपाल दर्शनशास्त्र एवं मानविकी केन्द्र, डॉ. टीएमए पाई, प्लेटेरियम कांप्लेक्स, मणिपाल विश्वविद्यालय, मणिपुर.576 104	स्वराज पर पुनर्विचार पर राष्ट्रीय सेमिनार	3,42,000 रु.
15	डॉ. बाबू एम.एन.	भारतीय सौंदर्यशास्त्र का समकालीन	3,00,000 रु.

	सहायक प्रोफेसर दर्शनशास्त्र विभाग श्री शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय कालाडी, केरल– 683574,	पुनर्पठनः दक्षिण की दृष्टि पर सेमिनार	
16	डॉ. मुहम्मद सहीर, शिक्षा विभाग, विश्व भारती, शांतिनिकेतन–731235	सूफीवाद और भारतीय आध्यात्मिक परंपराः हृदय की शिक्षा की निरंतरता पर सेमिनार	2,80,000 रु.
17	डॉ. रघुनाथ घोष और डॉ. लक्ष्मीकांत पधी, दर्शनशास्त्र विभाग, उत्तर बंगाल विश्वविद्यालय, राजा, राममोहनपुर, दार्जलिंग, प.बं.– 734 013	धर्म विवाद और दृष्टि के दर्शन पर राष्ट्रीय सेमिनार 27 से 29 नवंबर, 2014	3,50,000 रु.
18	डॉ. एस. लार्डनाथन, एसोसिएट प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र, अरूल अनंदर कॉलेज, करूमाथुर– 625514 मदुरै,तमिलनाडु	दलित स्वयंः दार्शनिक अन्वेषण पर राष्ट्रीय सेमिनार	5,00,000 रु.
19	डॉ. शशिन्गुला, एसोसिएट प्रोफेसर, कला संकाय, दर्शन विभाग, एडवांस्ड अध्ययन केन्द्र, जादवपुर विश्वविद्यालय, कोलकाता– 700 032	दलित ज्ञानवाद और नारीवाद पर राष्ट्रीय सम्मेलन	4,23500 रु.
20	डॉ. राकेश सोनी, दर्शनशास्त्र विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, (लालपुर–पोंडकी)	आदिवासी संस्कृति की समझ पर राष्ट्रीय सेमिनार	5,00,000 रु.

	कैंपस, तहसील पुष्पराजगढ़, जिला अन्नुपुर, मध्य प्रदेश		
21	डॉ. नैनी बथ राजीव गांधी विश्वविद्यालय, रोनो हिल्स दोईमुख 791112.	दर्शन, सामाजिक विज्ञान और जनजाति पर राष्ट्रीय सेमिनार	5,00,000 रु.
22	प्रोफेसर प्रसनजीत बिश्वास, एनईएचयू, शिलांग	दक्षिण पूर्व एशियाई जनजातीय दुनियाः विचार और दर्शन XXXVII भारतीय सामाजिक	5,00,000 रु.
23	प्रोफेसर पी.एस. रामकृष्ण, अध्यक्ष, भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी; ईश्वर सरण आश्रम कैंपस, इलाहाबाद 211 004	विज्ञान कांग्रेस	प्रतिपूर्ति का मामला?
24	डॉ. मो. सिराजुल इस्लाम, प्रोफेसर व अध्यक्ष, दर्शनशास्त्र एवं धर्म विभाग, विश्व भारती, शांतिनिकेतन–731235	दर्शन एवं धर्म में महिलाओं के मुद्दों पर राष्ट्रीय सेमिनार	2,25,000 रु.
25	डॉ. राज कुमार मोडक, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र, सिधो कान्हो बिरसा विश्वविद्यालय, पुरूलिया, पश्चिम बंगाल	भाषा के विश्लेषण के जरिये दर्शन पर दस दिवसीय कार्यशाला	4.75,000 रु.
26	प्रोफेसर पांडिकट्टू कुरूविला, जन दीपा विद्यापीठ, दर्शनशास्त्र एवं धर्म संस्थान, रामवाडी, नगर रोड, पूना– 411 014	लोकतांत्रिक हमः मानव विकास एवं बहुवादी राष्ट्रीयता के लिए दार्शनिक खोज पर सेमिनार	3,05,380 रु.
27	प्रोफेसर आर.पी. सिंह,	XXXVIII भारतीय सामाजिक विज्ञान	3,00,000 रु.

	अध्यक्ष, भारतीय सामाजिक विज्ञान अकादमी, ईश्वर सरण आश्रम कैंपस, इलाहाबाद	कांग्रेस पर राष्ट्रीय सेमिनार	
28	डॉ. डोमिनिक मियोलो, असम डॉन बोस्को विश्वविद्यालय, एयरपोर्ट रोड, अजारा, गुवाहाटी– 781017	एशियाई मूल्य एवं मानव भविष्य पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार	2,00,000 रु.
29	प्रोफेसर फ्रानसन मंजली, भाषा एवं साहित्य संस्कृति अध्यन स्कूल, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय नई दिल्ली 110067	अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार दर्शन, भाषा और राजनीतिः संरचनावाद उपरांत पुनर्मूल्यांकन पर	1,00,000 रु.
30	प्रोफेसर प्रजित के बासु, समाजशास्त्र विभाग हैदराबाद विश्वविद्यालय	वैचारिकता, निर्देशात्मकता और निष्पक्षतावाद पर अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार	
31	प्रोफेसर रंजन कुमार पंडा, दर्शनशास्त्र विभाग एचएसएस, आईआईटी, बॉबे,	''स्व–ज्ञान और नैतिकता'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट	4,13,000 रु.
32	डॉ. भांग्ये भुकया, इतिहास विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय	आदिवासी स्वायत्ता पर पुनर्विचारःस्वयं घर और आवास	5,00,000 रु.

उपरोक्त में से कुछ कार्यक्रमों पर चयन–रिपोर्ट

13–15 मार्च, 2015 के दौरान, मद्रास विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र विभाग में आयोजित ''फिलोसफी करना – इनोवेशन और भीतर से परंपरा को बदलना : श्रीनिवास राव का समकालीन दार्शनिक विधारधारा में योगदान'' पर आईसीपीआर राष्ट्रीय सेमिनार की रिपोर्ट।

प्रोफेसर जी. मिश्रा
की रिपोर्ट

दर्शनशास्त्र विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी हॉल में उपरोक्त विषय पर एक तीन दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया था। प्रोफेसर आर. गोपालकृष्णन, पूर्व प्रमुख ने प्रोफेसर मृणाल मिरी के साथ मुख्य अतिथियों के रूप में उदघाटन सत्र की अध्यक्षता की।

सेमिनार का उद्देश्य श्रीनिवास राव के लेखन, उनकी रचनात्मक उत्कृष्टता और अद्वैत एवं पश्चिम की अन्य प्रणालियों के साथ भारतीय विचारधारा में उनके योगदान को सराहना और मूल्यांकन करना है। शोधपत्र प्रस्तुत करने वाले अधिकांश शोध छात्रों ने प्रो. राव के विषयक व्याख्या के एक या अन्य पहलुओं का गहन अध्ययन किया है जबकि कुछ पारंपरिक विद्वानों ने उन विषयों पर परंपरागत रूझानों एवं प्रतिबिंबों पर प्रकाश डाला।

उदघाटन सत्र में प्रो. जी. मिश्रा ने प्रतिनिधियों, विशिष्ट व्यक्तियों, प्रतिभागियों और अन्य आमंत्रित व्यक्तियों का औपचारिक स्वागत किया। डॉ. आर. गोपालकृष्णन ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रोफेसर श्रीनिवास राव की निजी गुणों, शैक्षणिक कुशग्रता, सरल व्यवहार, व्यक्तिगत इंटरैक्शन, भातृत्व आदि का उल्लेख किया। प्रो. मृणाल मिरी ने अपने उदघाटन भाषण में प्रो. राव के साथ अपने संबंधों के बारे में बताया और उनके लेखन कार्य की सराहना की, जो मौजूदा सेमिनार के लिए प्रासंगिक है।

पहले शैक्षिक सत्र में दो प्रख्यात विद्वान वक्ताओं ने अद्ववैत वेदांत के सैद्धांतिक अर्थ को उदाहरण देकर सुंदर ढंग से समझाया। प्रो. एन. वीजीनाथन ने पहले प्रमुख भाषण में बताया कि माया को सही ढंग से समझे बगैर कोई भी व्यक्ति ब्रह्मा की वास्तविकता को नहीं जान सकता है और न ही जीव के स्वभाव को समझ सकता है। सैद्धांतिक और व्यावहारिक, दोनों दृष्टिकोणों से अद्वैत का परंपरागत नजरिये पर उनके द्वारा प्रमाणिक ढंग से बल दिया गया है। स्वामी परमानंद भारती ने अपने दूसरे प्रमुख संबोधन में कहा कि बुद्धिजीवियों, विद्यार्थियों और सन्यासियों के मन में उठने वाली सभी आशंकाओं का समाधान शास्त्रों में एक ही जगह उपलब्ध नहीं हो सकते हैं, जिनमें परस्पर विरोधाभासी कथन होते हैं । केवल भाष्य में ही कोई व्यक्ति सभी आंशकाओं का समाधान पा सकता है। उन्होंने कहा कि लिखित ग्रंथों का अध्ययन करने और इन्हें समझने के लिए व्याख्यात्मक दृष्टिकोण होना चाहिए।

डॉ. मणि द्रविड ने प्रस्थानकरस की पारंपरिक स्थिति को उचित ठहराया जैसे वाचस्पति मिश्रा और प्रकसटमान ने कहा कि अद्वैत में मूलाविद्या तार्किक रूप से मान्य है। श्री गोडा वेंकेटेश्वर शास्त्री ने ब्राह्मण और माया के बीच संबंध के संदर्भ के साथ अद्वैत के विव्रत वाद पर चर्चा करते समय प्रस्तानत्रयी के टिप्पणीकारों पर विस्तृत फोकस के साथ दुनिया की प्रकृति पर सहमति और असहमति वर व्यापक विचार विमर्श किया गया। एम्मानुएल उप्पामठाकथिल ने अवधारणात्मक त्रुटि के सिद्धों पर प्रो. श्रीनिवास राव के विचारों पर एक आलोचनात्मक पत्र पेश किया।

शाम का सत्र, दो पुस्तकों के विमोचन को समर्पित था। प्रो. एम. आनंदकृष्णन ने प्रो. मिरी की पुस्तक ''फिलोसफी एंड एजुकेशन'' का विमोचन किया। प्रो. बिजॉय बोरूह और डॉ. जी. वेदप्रयाण ने पुस्तक के बारे में बताया। प्रो. जी मिश्रा द्वारा संपादित दूसरी पुस्तक ''वेदांत विदाउट माया'' का विमोचन प्रो. मृणाल मिरी ने किया और प्रतियां डॉ. सी.एल.

रामकृष्ण, स्वामी परमानंद भारती और प्रोफेसर वी. स्वामीनाथन द्वारा प्राप्त की गई।

दूसरे दिन की शुरूआत प्रो. वी. स्वामीनाथन द्वारा शोधपत्र प्रस्तुत करने के साथ हुई, जिन्होंने अविद्या और अनिवर्चनीय ख्याति के नागेस के निराकरण की श्री राम शास्त्री की समालोचना की जीवंत तस्वीर पेश की। उन्होंने कई पहलुओं से चुने विषय पर विस्तार से चर्चा भी की।

डॉ. रूपा बंधोपाध्याय ने अवधारणात्मक भ्रम के अद्वैत सिद्धांतः श्रीनिवास राव के विशेष संदर्भ में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने तर्क दिया कि भ्रम की प्रकृति अद्वैत के कथामीमांसा और आध्यात्मिक युग में है और इस विषय पर प्रो. श्रीनिवास राव के विचार प्रस्तुत किए। डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने प्रो. श्रीनिवास राव की पुस्तक ''परसेप्च्युल एररः द इंडियन थ्योरीज'' में वर्णित बौद्ध धर्म और प्रतिबिंबों का सहारा लेकर अवधारणात्मक त्रुटि के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रो. राव के दृष्टिकोण का ईमानदारी से विश्लेषण किया और ऐसे प्रेक्षण के लिए जिम्मेदार कारणों का पता लगाया।

डॉ. बिजॉय बोरूह ने विषय 'द नॉन–इंटेंशिएलिटी ऑफ आई–कोन्शिसनेस' पर बढ़िया प्रस्तुति दी और जोर देकर कहा कि जहां स्व–चेतना का सवाल है तो गैर–वैचारिकता थीसिस एक सत्य है। उन्होंने कई महत्वपूर्ण बिंदुओं का विश्लेषण किया जैसे 'मैं चेतना, 'मैं' परिवर्तक, मुझे, स्व–परिचय' । 'मेरी जागरूकता', 'मेरी पहचान', आस्तित्व में अनुभव नींव है', मैं–हूं–पन' 'मैं खुद के होने के बारे में जानता हूं' आदि। प्रो. यू. ए. विनय कुमार ने श्रीनिवास राव की पुस्तक 'अद्वैतः ए क्रिटिकल स्टडी' पर सी राम प्रसाद की समीक्षा पर काम किया और यह दर्शाने का प्रयास किया कि राव बिल्कुल सही मार्ग पर थे।

श्री इरा सचेप्टिन ने सबसे मूल्यवान और महत्वपूर्ण घटना के रूप में आत्म बोध पर जोर देते हुए शंकराचार्य से स्वामी सच्चिदानंदेन्द्र सरस्वती तक अद्वैत के विकास की समीक्षा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि अज्ञानता माया नहीं है मगर अज्ञानता का कारण माया है। शंकर ने कभी भी मूलाविद्या पर विश्वास नहीं किया। श्री शशिधर शास्ती ने दुनिया की प्रकृति पर अपने विचार रखें और विद्वानों से कार्य–कारण की दृष्टि से अद्वैत को देखने के लिए कहा जो कारण के दृष्टिकोण से व्यावहारिक नहीं है और कार्य के दृष्टिकोण से यह है; और यह विरोधाभासी नहीं हैं। बुद्धि एक कार्य है और यह शायद ही कारण की खोज कर सकती है।

डॉ. वरूण कुमार त्रिपाठी ने प्रो. टीआरवी मूर्ति और प्रो. श्रीनिवास राव द्वारा व्याख्यित अज्ञानता के दो रूपों पर प्रकाश डाला। उन्होंने यह साबित करने का प्रयास किया कि प्रो. राव ने हालांकि परंपरागत विचारों से अलग मत दिया जबकि टीआरवी मूर्ति ने अद्वैत के ढांचे के भीतर अपने विचार रखें। डॉ. आर. मुरली ने भ्रष्टाचार की अवधारणा का आलोचनात्मक ढंग से विश्लेषण और मूल्यांकन किया जैसा कि प्रो. राव ने अपनी आगामी किताब ''फिलोसफी फॉर यू' में चर्चा की है।

सेमिनार के तीसरे दिन की शुरूआत प्रो. जॉन बिग्रम्स द्वारा शोध पत्र प्रस्तुत करने के साथ हुई जिन्होंने अद्वैत की दृष्टि से अज्ञानता, सर्वज्ञता, सृजन, एक और अनेक, विषय–वस्तु विरोधाभास, मुक्ति आदि पर अपने विचार प्रस्तुत किए और सच्चिदानदेंद्र सरस्वती के विचारों की समाआलोचना की।

प्रो. पी. के. मुखोपाध्याय के शोध पत्र प्रो. आर. गोपालकृष्णन ने पढ़कर सुनाए, जिनमें परंपरागत भारतीय दार्शनिक

विचारों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करने में राव के साथ अन्य समकालीन विद्वानों के प्रयासों की सराहना की गई थी।

डॉ. एस. लॉर्डनाथन ने प्रो. राव की पुस्तक 'फिलासफी फॉर यू' द्वारा उनके विचारात्मक उत्थान पर प्रकाश डालने का प्रयास किया। सांस्कृतिक, सामाजिक, राजनैतिक और सदाचारी होने के साथ दार्शनिक होने की भावना उनकी थीम का आधार है, जिसमें उन्होंने दोहराया है कि दार्शनिक होने का अर्थ नैतिक–दार्शनिक भावना को गंवाए बगैर सामाजिक, सास्कृतिक की गहरी संवेदना में जाना है।

प्रोफेसर प्रदीप गोखले ने प्रो. राव द्वारा किए गए विश्लेषण के अनुसार अवधारणात्मक त्रुटि के भारतीय सिद्धांतों पर कुछ प्रतिबिंब व्यक्त किए। उनके प्रतिबिंब मुख्यतया वैध ज्ञान, अवैध ज्ञान, आध्यात्मक त्रुटि आदि से संबंधित हैं।

डॉ. उमा देवी ने 'द कान्सेप्ट ऑफ सर्वतमभाव इन शंकरा थॉट' पर अपने शोध पत्र में पूरी दुनिया के साथ एकता की भावना के रूप में सर्वमभाव की धारणा स्थापित करने के लिए महाव्याख्या के अर्थ को ढूंढने की विधि दर्शाने का प्रयास किया है।

सुश्री एम. ज्योथिमणि, अनुसंधान विद्वान, दर्शनशास्त्र विभाग ने समकालीन भारतीय विचारधारा में स्वामी परमानंद भारती के योगदान के परिप्रेक्ष्य में परंपरा और व्याख्या की समझ पर प्रकाश डाला।

प्रो. हरमोहन मिश्रा ने श्रीनिवास राव की व्याख्या के मूल्यांकन के रूप में अद्‌वैत टीका पर अपने विचार रखें। उन्होंने प्रो. राव की निजी समझ से परंपरागत अद्‌वैत की आलोचना में कई कमियों का उल्लेख किया।

कुल मिलाकर इसमें उदघाटन और समापन सत्रों के अलावा नौ शैक्षिक सत्र और पुस्तक विमोचन कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी शोध पत्रों में प्रो. श्रीनिवास राव के योगदान के कुछेक पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तो कभी राव के दृष्टिकोण को उचित ठहराया गया तो कभी परंपरा की दृष्टि से उनके विचारों की आलोचना की गई।

शोध पत्र प्रस्तुत करने के बाद चर्चाओं, स्पष्टीकरणों और व्याख्या का दौर चला।

समापन सत्र की अध्यक्षता प्रो. रामा राव पप्पू (मियामी विश्वविद्यालय यूएसए) द्वारा की गई और समापन भाषण प्रो. वी स्वामीनाथन द्वारा दिया गया। सेमिनार का समापन निदेशक, प्रोफेसर जी मिश्र के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

मंदिर और तीर्थ स्थल : दार्शनिक दृष्टिकोण पर सेमिनार की रिपोर्ट

दर्शनशास्त्र विभाग, लोयोला कॉलेज ने सत्य निलायम अनुसंधान संस्थान के साथ मिलकर 16–17 जनवरी, 2014 को 'मंदिर और तीर्थस्थल : दार्शनिक दृष्टिकोण'' पर एक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया। नीचे इस सेमिनार की संक्षिप्त रिपोर्ट दी गई है। सेमिनार कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया गया (इस पत्र के साथ संलग्न कार्यक्रम को देखें)। हमने मनेरसा हॉल, सत्य निलायम में सुबह 9:30 बजे उदघाटन समारोह शुरू किया। मंगलाचारण के बाद, डॉ. ई.पी. मैथ्यू, दर्शन विभाग प्रभारी, लोयोला कॉलेज ने मेहमानों का स्वागत किया। इसके बाद डॉ. अल्बट मुथुमलाई का अध्यक्षीय भाषण हुआ। डॉ. एस. पन्नीरसेल्वम, दर्शन विभाग प्रभारी, मद्रास

विश्वविद्यालय ने प्रमुख भाषण दिया और डॉ. जोशु कलापत्थी, दर्शन विभाग प्रभारी, मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज ने धन्यवाद दिया। डॉ. लारेंस फर्नाडिस, सेमिनार के संयोजक ने सेमिनार की गतिका सदस्यों के साथ साझा की।

उदघाटन समारोह के बाद कॉफी ब्रेक लिया गया। सुबह के सत्र में दो शोध पत्र और दोपहर के सत्र में तीन शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। लंच के बाद, 14.00 बजे सत्र शुरू हुआ, जिसमें तीन शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। पहले दिन का कार्यक्रम 16.15 बजे चाय और नाश्ते के साथ समाप्त हुआ।

दूसरे दिन का सेमिनार लोयोला कॉलेज के लारेंस सुंदरम सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सुबह 9:30 बजे मंगलाचारण के साथ हुआ। तीसरे सत्र में तीन शोध पत्र और चौथे सत्र में दो शोध पत्र प्रस्तुत किए गए। लंच के बाद, 14.00 बजे सत्र शुरू हुआ, जिसमें दो शोध पत्र प्रस्तुत किए गए और समापन समारोह 15.30 बजे हुआ, रेव फादर फ्रांसिस जयापथी एसजे, लोयोला कॉलेज, चेन्नै के पादरी ने समापन भाषण दिया और रेव डॉ. जोसफ एंटनी समे ने धन्यवाद दिया। जोइल द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यक्रम 16.15 बजे समाप्त हुआ। इसके बाद चाय और नाश्ता दिया गया। लोयोला कॉलेज के दर्शनशास्त्र विभाग के छात्रों, अन्य विभागों और सत्य निलायम अनुसंधान संस्थान के अनुसंधान विद्वानों के अलावा विवेकानंद कॉलेज, चेन्नै के दर्शनशास्त्र विभाग के दर्शनशास्त्र के छात्रों, मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज, चेन्नै, दर्शनशास्त्र विभाग, मद्रास विश्वविद्यालय के छात्रों ने इसमें भाग लिया। सभी वक्ताओं और अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। सेमिनार के आयोजकों द्वारा बाहर से आए वक्ताओं के लिए सत्य निलायम में रहने और खाने की व्यवस्था की गई थी और सत्य निलायम एवं लोयोला कॉलेज के लिए परिवहन की व्यवस्था की गई थी।

इस सेमिनार ने मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों पर महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखने का अवसर प्रदान किया। सेमिनार के दौरान विभिन्न पहलुओं पर दार्शनिक अंदाज में प्रकाश डाला गया। देश के अलग–अलग हिस्सों से आए विद्वानों ने सेमिनार को विविधता प्रदान की और एक ही सत्य को देखने के कई मार्ग बताएं। विषय, इसको आयोजित करने के तरीके, मेजबानी और सेमिनार की सुविधाओं के बारे में भारी संतुष्टि देखने को मिली।

‘भारत की सांस्कृतिक विरासत में कला’ पर राष्ट्रीय सेमिनार पर रिपोर्ट 27 और 28 अक्टूबर, 2014

रामकृष्ण मिशन संस्कृति संस्थान द्वारा 27 और 28 अक्टूबर, 2014 को गोल पार्क, कोलकाता–700029 में वॉल्यूम VII भाग I और भाग II के आधार पर भारत में सांस्कृतिक विरासत में कला : भारत की सांस्कृतिक विरासत में पुनर्विचार थीम’ पर एक दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया था। इस सेमिनार का उद्देश्य युवा शोध छात्रों और सामान्य लीडरशिप का ध्यान वॉल्यूम के महत्व और प्रभाव की ओर आकृष्ट करना था। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली ने इसके लिए वित्तीय सहायता प्रदान की। संस्थान के आमंत्रणों के जवाब में विषय से परीचित प्रतिभाशाली शोध छात्रों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया और अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों के संक्षिप्त बॉयो–नोट्स और उनके शोध पत्रों के सार वाली एक पुस्तिका प्रतिभागियों को बांटी गई थी।

सेमिनार का उदघाटन संस्थान के शिवनंदा हॉल में 27 अक्टूबर, सोमवार पूर्वाह्न 10:00 बजे किया गया था। संस्थान के भिक्षुओं द्वारा वैदिक मंत्रोचारण के बाद स्वामी सपूर्णानंद, सचिव, रामकृष्ण मिशन संस्कृति

संस्थान, कोल पार्क, कोलकाता ने मंच पर मौजूद प्रतिभागियों को सम्मानित किया। स्वामी संपूर्णानंद ने स्वागत भाषण भी दिया। श्रद्धेय स्वामी प्रभानंदजी महाराज, उपाध्यक्ष, रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ ने अध्यक्षीय भाषण दिया, श्री एच.एन. रामचंद्रन, डॉ. कपिला वात्स्यायन भारत की सांस्कृतिक विरासत के वॉल्यूम टप्प के संपादक के सचिव ने डॉ. कपिला वात्स्यायन का संदेश दिया कि वो अपने खराब स्वास्थ्य के कारण इसमें भाग नहीं ले सकीं। स्वामी भजननंदजी महाराज, सहायक सचिव, रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन ने प्रमुख भाषण दिया। प्रो. सब्यसांची भट्टाचार्य, पूर्व उपकुलपति, विश्व भारती विश्वविद्यालय, शांतिनिकेतन और इस सेमिनार के सह–संयोजक ने सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। स्वामी यादवेन्द्र, प्रभारी, सेंटर फॉर इंडोलॉजीकल स्टडीज एंड रिसर्च, गोल पार्क कोलकाता, ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

सेमिनार के उदघाटन सत्र से पहले, इसमें उपस्थित प्रतिभागियों का शिवानदं हॉल के सामने एक ग्रुप फोटो लिया गया। श्रद्धेय स्वामी प्रभानंदजी महाराज, उपाध्यक्ष, रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन, बेलूर मठ ने चार पुस्तकों नामतः (i) इंडियन ट्रेडिशन इन सर्च ऑफ यूनिटी ऑफ म्यूजिक (ii) कान्सेप्ट ऑफ स्प्रिटिचुलिटी इन आर्टः पास्ट, प्रजेंट एंड फ्यूचर (iii) स्वामी विवेकानंद विजन ऑफ फ्यूचर सोसाइटी और (iv) रिथिंकिंग द क्लचरल यूनिटी ऑफ इंडिया का विमोचन किया। ये सभी पुस्तकें संस्थान के प्रकाशन हैं। राष्ट्रीय सेमिनार का शैक्षिक सत्र उसी दिन अर्थात् 27 अक्टूबर, 2014 को उदघाटन सत्र के बाद शुरू हुआ। इसमें कुल पांच शैक्षिक सत्र आयोजित किए गए। प्रत्येक सत्र एक संयोजक द्वारा आयोजित किया गया। प्रत्येक शोध पत्र प्रस्तुत करने के बाद चर्चा की गई। पांचवा शैक्षिक सत्र का समापन प्रो. हेमाद्री चटर्जी द्वारा कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत करने के साथ किया गया। स्वामी यादवेन्द्रनंद ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। प्रतिभागियों/संसाधन व्यक्तियों और पर्यवेक्षकों को पठन सामग्री उचित फोल्डर में प्रदान की गई थी। उदघाटन एवं शैक्षिक सत्रों को रिकार्ड किया गया और इनका विडियो बनाया गया। संसाधन व्यक्तियों/प्रतिभागियों, अतिथि पर्यवेक्षकों और पर्यवेक्षकों की कुल संख्या क्रमशः 25, 26 और 130 थी। इस सेमिनार में संसाधन व्यक्तियों/प्रतिभागियों, अतिथि पर्यवेक्षकों और पर्यवेक्षकों, कर्मचारियों, स्वयंसेवकों, सहायक व्यक्यितों की कुल संख्या लंगभग 220 थी।

डॉ. बी. आर. अंबेडकर के सामाजिक दर्शन पर रिपोर्ट

आईसीपीआर, नई दिल्ली और समाजशास्त्र विभाग, वाराणसी ने मिलकर ''डॉ. बी. आर. अंबेडकर का सामाजिक दर्शन'' पर एक दो दिवसीय (15–16 नवंबर, 2014) राष्ट्रीय सेमिनार आयोजित किया था। सेमिनार के पहले दिन 11:00 बजे ये 13:00 बजे तक चले उदघाटन सत्र में प्रो. सोहन आर. यादव, समाजशास्त्र विभाग, बनारस विश्वविद्यालय, वाराणसी ने स्वागत भाषण पढ़ा। उन्होंने डॉ. बी. आर. अंबेडकर के सामजिक दर्शन पर बल देते हुए बताया कि उन्होंने सामाजिक समानता स्थापित करने के लिए कैसे प्रयास किया। उनके अनुसार विकास तभी किया जा सकता है, जब यह सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और धार्मिक आधार पर किसी भी इन्सान के साथ भेदभाव किए बगैर किया जाएं। वंचित और पिछड़े तबकों के उत्थान के लिए डॉ. बी. आर. अंबेडकर द्वारा किए गए कार्य को भारतीय इतिहास भुला नहीं जा सकता। वे भारतीय समाज में समानता और न्याय स्थापित करने के लिए काम करने वाले अगुवा व्यक्तियों में से एक रहे हैं। प्रो. आर.आर. झा, अध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान संकाय, बनारस हिंदू

विश्वविद्यालय ने उदघाटन सत्र की अध्यक्षता की। भारतीय समाज महा परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है और इसमें जबर्दस्त सामाजिक—आर्थिक बदलाव आ रहे है, मगर इसमें एक ऐसी व्यवस्था का भी उदभव हुआ है, जो पहचान के आधार पर अपने लोगों के साथ भेदभाव करती है, समाज के कुछ वर्गों के दमन और शोषण को स्वीकार किया जाता है। अतः जाति और जाति आधारित भेदभाव अभी भी जारी है। असमानता का सिद्धांत जाति प्रथा का महत्वपूर्ण और केन्द्र बिंदु है। भारतीय संविधान में अनुसूसचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा करने और उनको बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण उपबंध दिए गए हैं। इतना ही नहीं हमारे सदियों पुराने हिंदू समाज के दीन लोगों और संस्कृति ने ऊंची जाति के हिंदुओं के अमानवीय और अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ कई आंदोलन और संघर्ष किए।

मुख्य अतिथि प्रो. आई.एस. चौहान, पूर्व उपकुलपति, बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल ने डॉ. अंबेडकर के दार्शनिक विचारों के बारे में बताया। उनकी विचारधारा जनता के सामाजिक सुधार, राजनीतिक ज्ञान, आध्यात्मिक जागृति और आर्थिक विकास पर आधारित थी। मौलिक मानव अधिकारों, पुरुषों एवं महिलाओं के लिए समान अधिकार, व्यक्तिगत गरिमा, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा के साथ जीवन के बेहतर मानकों और सामाजिक प्रगति में उनकी गहरी आस्था थी। शायद डॉ. अंबेडकर ऐसे पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने मजबूत राष्ट्र और लोकतंत्र के उभार के लिए अनिवार्य विशेषता के रूप में समावेशी भारतीय समाज में सामाजिक समानता पर गंभीरता से विचार किया। मगर उनके अधिकांश विद्वान साथियों ने आर्थिक, राजनैतिक और आध्यात्मिक समानता पर बल दिया और सामाजिक समानता को नजरअंदाज किया। प्रो. बद्री नारायण, जी. बी. पंत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्थान, झूसी इलाहाबाद, ने अपने प्रमुख भाषण में दलित दृष्टि से समाज के कमजोर तबकों के उत्थान पर बात की। डॉ. अंबेडकर के विचार, आइडिया और लोकतंत्र का दर्शन एवं समतावादी समाज सहजीवी तरीके से एक—दूसरे से जुड़े हैं। उन्होंने न केवल दलितों के कल्याण के बारे में सोचा बल्कि वे भारत को एक पूर्ण लोकतांत्रिक और लोक हितकारी समाज के रूप में देखने के लिए निरंतर संघर्ष करते रहे। बेशक अंबेडकर पूरे देश में दलितों के मसीहा हो सकते हैं मगर उन्होंने सभी भारतीय लोगों के लिए आधुनिक मूल्यों का प्रचार—प्रसार किया। उन्होंने समता और सभी लोगों के लिए समानता की लड़ाई लड़ी। उनकी नजर में भारत तब तक कल्याणकारी राष्ट्र नहीं बन सकता जब तक कि यह पुरातन और भेदभावपूर्ण जाति प्रथा का उन्मूलन या समाधान नहीं कर देता। उनका मत था कि मॉडेम—समकालीन भारतीय समाज पदानुक्रम और जाति विरोधाभासों में जकड़ा हुआ है, जो इसके विकास, प्रगति और बदलाव को बाधित कर रहे हैं। ये ताकतें और संगठन राष्ट्र निर्माण और सभी लोगों के पुनर्जागरण में बाधा पहुंचा रहे हैं। अतः कानून, आजादी, समानता और लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और तर्कसंगत मूल्यों पर आधारित उनका भाईचारे पर डॉ. अंबेडकर के विचार द्वारा भारत में सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक समाज की शुरूआत की जा सकती है।

विशेष अतिथि, प्रो. प्रदीप गोखले, डॉ. बी.आर. अंबेडकर अनुसंधान प्रोफेसर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, तिब्बतन, सारनाथ, वाराणसी ने इस बात पर बल दिया कि कैसे डॉ. अंबेडकर ने सामाजिक न्याय पर आधारित समाज बनाने के बारे में कल्पना की थी। सामाजिक न्याय में केवल न्यायसंगत और निष्पक्ष सामाजिक व्यवस्था शामिल नहीं है बल्कि सभी के लिए न्याय और निष्पक्षता को शामिल किया गया है। सामाजिक व्यवस्था को समाज के सभी सदस्यों के लिए निष्पक्ष और न्यायसंगत बनाने के लिए इसे उन लोगों के लिए अनिवार्य बनाए जाने की आवश्यकता है, जो

कुछ त्याग करने के लिए अभिशप्त हैं। इस अर्थ में सामाजिक न्याय एक क्रांतिकारी आदर्श है। इसमें आर्थिक और सामाजिक, दोनों न्याय शामिल हैं। भारत में सामाजिक न्याय सामाजिक अन्याय की देन है और हमारी जाति प्रथा और सामाजिक संरचना सामाजिक अन्याय के स्रोत हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आजादी के सड़सठ साल बाद भी सामाजिक न्याय अभी आम लोगों के लिए एक दूर का सपना बना हुआ है। अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। उन्हें भारतीय समाज के स्वरूप और समस्याओं की पूरी समझ थी। उन्होंने एक आदमी–एक मूल्य के संदर्भ में सामाजिक न्याय और सामाजिक लोकतंत्र हासिल करने का प्रयास किया। उन्होंने सामाजिक न्याय को देशभक्ति और राष्ट्रवाद का वास्तविक आधार माना। अंबेडकर ने सामाजिक न्याय के सिद्धांत को वर्ण व्यवस्था द्वारा प्रतिपादित, अरस्तू व्यवस्था, प्लूटो योजना, गांधीवादी सर्वोदय व्यवस्था और यहां तक मार्क्स के सर्वहारा समाजवाद के रूप में मानने से इंकार कर दिया। इसके बाद, 14:00 बजे लंच हुआ और 18:00 बजे प्रतिभागियों ने 11 सामानांतर तकनीकी सत्रों में अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए।

सेमिनार के दूसरे दिन 10:30 बजे से 13:00 बजे तक विशेष व्याख्यान सत्र आयोजित किया गया। प्रो. जे. के. तिवारी, पूर्व प्रमुख, समाजशास्त्र विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने इस सत्र की अध्यक्षता की। उन्होनें डॉ. बी. आर. अंबेडकर के मौलिक दार्शनिक विचारों के बारे में बताया। उनकी विचारधारा जनता के सामाजिक सुधार, राजनीतिक ज्ञान, आध्यात्मिक जागृति और आर्थिक विकास पर आधारित थी। मौलिक मानव अधिकारों, पुरुषों एवं महिलाओ के लिए समान अधिकार, व्यक्तिगत गरिमा, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, मानव जीवन के सभी क्षेत्रों में शांति एवं सुरक्षा के साथ जीवन के बेहतर मानकों और सामाजिक प्रगति में उनकी गहरी आस्था थी। सामाजिक तथ्यों पर आधारित उनका अध्ययन राजनैतिक दर्शन से समृद्ध था। डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने अपने विद्वत्तापूर्ण कार्यों की विस्तृत श्रृंखला और सतत् राजनैतिक सक्रियता से राजनीति, समाज और अर्थव्यवस्था पर अपनी अमिट छाप छोड़ी। हालांकि उनके राजनैतिक, सामाजिक और आर्थिक लेखन पर बहुत कुछ सुना और लिखा गया है, मगर उनके वैश्विक दृष्टिकोण दार्शनिक आधार और सैद्धांतिक मूल को समझने के बहुत कम प्रयास हुए हैं। डॉ. पितांबर, दास, दर्शनशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी ने डॉ. अंबेडकर के दार्शनिक विचारों पर प्रकाश डाला। हालांकि भारत विकास के दौर से गुजर रहा है और हमें बेहतर एवं न्यायसंगत सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था के लिए अपना मार्ग तलाशने की आवश्यकता है। सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था के नए मॉडल की खोज समय की जरूरत है।

उनकी विश्वदृष्टि न केवल विद्वत्तापूर्ण हित से परिपूर्ण थी बल्कि भेदभाव एवं उपेक्षा के निजी अनुभव से युक्त थी। उनके द्वारा महसूस की गई अन्याय की गहरी अनुभूति ने डॉ. अंबेडकर को समाज की सभी दमनकारी संस्थाओं को चुनौती देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिंदगी भर हिंदू जाति प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई, जो उन जातियों के सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक एवं राजनैतिक दमन पर आधारित थी, जिन्हें 'निचली जातियां' माना जाता है। जाति आधारित भेदभाव के खिलाफ अपने संघर्ष में डॉ. अंबेडकर का मानना था कि भारत में दलितों की मुक्ति केवल ''शिक्षा, आंदोलन और संगठन'' की तीन आयामी सोच के जरिये संभव हो सकती है। उनके कार्यों में मानव समाज की धर्मनिरपेक्ष और मॉडेम समझ गहराई में अंतःस्थापित हैं। इसके अलावा, वे मानवतावाद की गहरी भावना और मानव गरिमा एवं मूल्य में गहरी आस्था से काफी प्रभावित थे। प्रो. एच. एस. झा, प्रमुख, समाजशास्त्र विभाग, डॉ. शकुंतला मिश्रा, पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ ने वर्तमान समय में डॉ. अंबेडकर के विचार की प्रासंगिकता के बारे

में बताया। अंबेडककर के बहुमुखी एवं विविध योगदान के जरिये एक एकीकृत थीम चल रहा है। उनके इस वाक्य में आर्थिक दर्शन बढ़िया ढंग से रेखांकित हो रही हैः बहुजन हिताय बहुजन सुखाय। अंबेडकर दर्शन सामाजिक, धार्मिक और नैतिक विचारों में वर्णित होता है। दर्शन के केन्द्र में दीन और वंचित हैं। दर्शन का उद्देश्य उन लोगों को जीवन देना है, जो परित्यक्त हैं, उनको उठाना है, जो दबे हैं, उनको उदात्त बनना है जो कुचले गए हैं, जाति पर ध्यान दिए बगैर सभी को आजादी, समानता और न्याय प्रदान करना है। डॉ. बी. आर. अंबेडकर के अनुसार, ''समाज हमेशा वर्गों से बनता है।'' उनके आधार जरूर अलग–अलग हो सकते हैं। वे आर्थिक, बौद्धिक या सामाजिक हो सकते हैं मगर समाज में कोई भी व्यक्ति हमेशा वर्ग का सदस्य होता है। यह एक सार्वभौमिक तथ्य है और पहले का हिंदू समाज भी इसका अपवाद नहीं रहा है और वास्तव में हम जानते हैं कि यह नहीं था। इसलिए वो क्या वर्ग था जो जाति में सबसे पहले स्वतः बना था, वर्ग और जाति के लिए कह सकते हैं कि एक दूसरे के पड़ोसी हैं और यह एक समय ही है, जो इनको इन दोनों को एक दूसरे से जुदा करता है, जाति एक सलंग्न वर्ग है। समाज के सभी लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार होना चाहिए कि वे सभी इन्सान हैं इसलिए जाति के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। यह डॉ. अंबेडकर के विचारों की मूल धारणा थी।

डॉ0 प्रमोद बगडे, दर्शनशास्त्र विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने जाति, लिंग, पंथ और धर्म के आधार पर भेदभाव के लिए जिम्मेदार कारकों के बारे में प्रमुखता से बताया। अंबेडकर हिंदू सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ थे और हिंदू धर्म को पसंद नहीं करते थे। अंबेडकर का मानना था कि बौद्ध धर्म में धर्म परिवर्तन सामाजिक न्याय देता है और उन्होंने देखा कि शांतिपूर्ण सामाजिक आजीविका को बढ़ावा देने के लिए बौद्ध धर्म को अपनाना सबसे बढ़िया मार्ग है। अपने प्राचीन धर्म, जो आज असमानता और दमन का प्रतीक बन गया है, को हटा कर अंबेडकर को उद्धृत करके मेरा पुनर्जन्म हुआ है, मैं अवतार के दर्शन में बिल्कुल विश्वास नहीं रखता; और यह गलत और शरारतपूर्ण है कि बुद्ध विष्णु के अवतार थे। मैं किसी हिंदू देवता या देवी का उपासक नहीं हूं। मैं श्राद्ध नहीं करूंगा। मैं बुद्ध के अस्सी गुना मार्ग का अनुसरण करूंगा। बौद्ध धर्म एक सच्चा धर्म है और मैं ज्ञान, सही पथ और करूणा के तीन सिद्धांतों के अनुसार जीवन व्यवीत करूंगा और उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया उन बागियों की कृतज्ञ होगी, जिनमें मुकाबला करने की हिम्मत होगी और इस पर जोर दिया कि यह अपरिहार्य है। मुझे उस सम्मान की भी परवाह नहीं है, जो हर प्रगतिशील समाज अपने बागियों को देता है। मुझे संतुष्टि तब होगी जब हिंदुओं को यह अहसास करा सकूं कि वे भारत के बीमार लोग हैं और उनकी यह बीमारी दूसरे भारतीयों के स्वास्थ्य एवं खुशियों के लिए खतरानाक है। उसी दिन 14:00 बजे से 16:00 बजे के बीच समापन सत्र में प्रो. सोहन आर. यादव, समाजशास्त्र विभाग, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने स्वागत भाषण दिया। मुख्य अतिथि प्रो. नंदू राम, पूर्व, अध्यक्ष, सामाजिक विज्ञान स्कूल, जेएनयू, नई दिल्ली ने डॉ अंबेडकर के दर्शन पर प्रकाश डाला। दार्शनिक तथ्यों से समृद्ध डॉ. अंबेडकर की विचारधारा हिंदू समाज की नैतिक, सामाजिक और कानूनी बुनियाद तैयार करती है। उपेक्षित एवं वंचित वर्ग के उत्थान में डॉ. अंबेडकर द्वारा निभाई गई भूमिका को भारतीय इतिहास भुला नहीं सकता। उन्हें भारतीय समाज में समानता के लिए समर्पित अगुवा में से एक माना जाता हैः उनकी मानव अधिकारों, पुरुषों एवं महिलाओं के अधिकारों, व्यक्तिगत गरिमा, सामाजिक एवं आर्थिक न्याय, सामाजिक प्रगति के प्रोत्साहन और जीवन क सभी क्षेत्रों में शंति एवं सुरक्षा के साथ जीवन के बेहतर मानकों में गहरी आस्था थी। विशेष अतिथि प्रो. क्रीति पांडे, पूर्व प्रमुख, समाजशास्त्र विभाग, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय ने डॉ. अंबेडकर द्वारा दिए गए सामाजिक न्याय के विचार पर व्याख्यान दिया।

सामजिक न्याय का भारतीय समाज के परिप्रेक्ष्य में विशेष महत्व रहा है, जो जातियों एवं समुदायों में बंटा हुआ है और ये उच्चत और हीनता जैसी असमानता के आधार पर विशेषता की दीवारें और रूकावटें पैदा करती हैं और यह भारतीय लोकतंत्र के लिए गंभीर खतरा हैं। सामाजिक न्याय की अवधारणा का उद्देश्य असमानता दूर करना और सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक मामलों के सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करना है। सामाजिक न्याय में सभी के लिए न्यायसंगत और निष्पक्ष सामजिक व्यवस्था का निर्माण करना शामिल है। समुदाय के प्रत्येक सदस्य के लिए सामाजिक व्यवस्था को न्यायसंगत और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्तियों को कुछ त्याग करने की आवश्यकता है। इस अर्थ में सामाजिक न्याय एक क्रांतिकारी आदर्श है। इसका उद्देश्य सभी तरह की असमानताओं का उन्मूलन करना और सामाजिक एवं आर्थिक मामलों में सभी नागरिकों को समान अवसर प्रदान करना है। इस प्रकार सामाजिक न्याय का उद्देश्य जाति, वर्ग, लिंग, अधिकार, पद, धन पर आधारित सभी तरह की असमानताओं को खत्म करना है और सामाजिक न्याय का समान वितरण सामाजिक अधिकारों और सामाजिक बंधनों के बीच एक संतुलन है। अध्यक्ष, प्रो. एम. सलीम, सामाजिक विज्ञान संकाय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी ने बताया कि डॉ. अंबेडकर द्वारा अपनाई गई रणनीति में संवैधानिक सुरक्षा, विधायी उपाय, सार्वजनिक नीतिगत उपाय, आध्यात्मिक पहलु और सामाजिक न्याय एवं दमन का उन्मूमलन करने का निरंतर संघर्ष शामिल हैं। इसका हमारे मौजूदा समाज और राजनीति में महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। बहरहाल, वर्तमान में भारतीय संदर्भ में मानवतावाद, लोकतंत्र, समानता और आजादी के मूल्यों को फिर से परिभाषित किए जाने की आवश्यकता है। आजादी के 6 से अधिक दशक बीत जाने के बाद भी भारत कुछ समीचीन सवालों का जवाब देने और विरासत में मिली समस्याओं को हल करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्या हिंदू समाज दलितों को हमारे समाज के अन्य नागरिकों के बराबर दर्जा देता है? दलित अभी भी गरीबी, कुपोषण और भूख से क्यों पिस रहा है? दलितों के लिए सामाजिक न्याय के क्या मायने हैं और क्या यह हमारे संविधान का आभूषण मात्र है या इसके हम पर कुछ महत्वपूर्ण प्रभाव हैं? भारतीयों की आजादी के 65 साल बाद भी जाति प्रथा क्यों कायम है और इस पर अंबेडकर की क्या दृष्टि है? जाति, लिंग, उम्र और धर्म के आधार पर भारतीय समाज में सामाजिक बहिष्कार क्यों मौजूद है? इन जटिल प्रश्नों के जवाब केवल डॉ. अंबेडकर ने दिया है।

''दर्शन में अनुसंधान कौशल का विकास करना'' पर पांच दिवसीय कार्यशाला पर रिपोर्ट 16—20 फरवरी, 2015

दर्शनशास्त्र एवं संस्कृति स्कूल, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय ने 16 से 20 फरवरी, 2015 के बीच एक पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् ने इस कार्यक्रम को प्रायोजित किया। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य दर्शन में कुछ योजनाबद्ध शोध करने के लिए कुछ व्यावहारिक थीसिस तैयार करना था क्योंकि दर्शन के विषय में शोध के उद्देश्यों और तरीकों के संबंध में भ्रम की स्थिति है।

देशभर से आए लगभग पचास प्रतिभागियों और 10 स्थानीय प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। उदघाटन एवं समापन सत्रों को छोड़कर कुल उन्नीस व्याख्यान हुए। इसमें नौ संसाधन व्यक्ति थे, जिनमें कुछ भारत के प्रख्यात विचारक शामिल थे। निम्नलिखित व्यक्ति संसाधन व्यक्ति थे :—

1. प्रो. प्रिय दर्शनी जेटली
2. प्रो. बिजॉय बोरूह
3. प्रो. निर्मलांशु मुखर्जी
4. प्रो अशोक वोहरा
5. प्रो. पी. आर. भट्ट
6. डॉ. गोपाल शाहु
7. डॉ. वरुण त्रिपाठी
8. डॉ. अमित कुमार तिवारी
9. श्री सुमंत सारथी शर्मा

उदघाटन सत्र :–

कार्यशाला का उदघाटन सत्र 16 फरवरी, 2015 को 10:00 बजे शुरू हुआ था। डॉ. वरूण के. त्रिपाठी, प्रभारी निदेशक, दर्शानशास्त्र एवं संस्कृति ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने देश के अलग–अलग हिस्सों से आए प्रतिनिधियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने सभी को श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय में बेहतर माहौल देने का आश्वासन दिया।

श्री अशोक कुमार तराई, कार्यशाला के आयोजन सचिव ने कार्यशाला का विषय प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में बताया कि भारत में दर्शन के छात्रों की नियोजन योग्यता में भारी गिरावट आ रही है। दार्शनिक समुदाय के प्रति मुख्यधारा के लोगों में भारी उपेक्षा का भाव है। अकादमिक दर्शन में प्रशिक्षण की जरूरत है क्योंकि दर्शन की पूरी बिरादरी दर्शनशास्त्र करने के अव्यवस्थित तरीके को नहीं अपना सकती। उन्होंने अंत में इस कार्यशाला की जरूरत के बारे में बताया।

कार्यशाला के संसाधन व्यक्तियों में से एक प्रो. पी. जेटली ने विस्तार से बताया कि कैसे कोई व्यक्ति स्व–प्रेरणा से दर्शनशास्त्र को कर सकता है। उन्होंने दर्शनशास्त्र करने के वस्तुनिष्ठ तरीके वाले विचार को नकार दिया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि कार्यशाला में उनके व्याख्यान यह दर्शाने का प्रयास करेंगे कि ऐसी कोई विशेष शोध पद्धति नहीं हो सकती है, जिसे दर्शन या दार्शनिक अनुसरण करें।

माननीय उपकुलपति, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, प्रो. सुधीर कुमार जैन अपने आदर्श विचारों से इस अवसर की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने दर्शन विषय की उपयोगिता पर चर्चा की। इस बात की अत्यंत आवश्यकता है कि दर्शन और दार्शनिक समाज की बेहतरी के लिए इसका मार्गदर्शन करें। उन्होंने तर्क दिया कि यह यह तभी संभव हो सकता है जब दर्शनशास्त्र को कड़ी मेहनत कि साथ किया जाए। अंत में उन्होंने यकीन दिलाया कि दर्शन समुदाय के बीच युवा मनों में विवेक प्रसार करने के लिए दर्शन में इस तरह के कार्यक्रम की भारी मांग है। डॉ. अनिल कुमार तिवारी, सहायक प्रोफसेर, दर्शन एवं संस्कृति स्कूल ने धन्यवाद भाषण दिया।

16.02.2015 (दिन–1)

कार्यशाला का पहला व्याख्यान श्री सुमंत सारथी शर्मा, सहायक प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र अैर संस्कृति विद्यालय और एस.एम.वी.डी विश्वविद्यालय का था। श्री शर्मा की प्रस्तुति का शीर्षक ''फार्मेटिंग और साइटेशन :सम इश्यू''। उन्होंने दर्शन में शोध से संबंधित तकनीकी समस्याओं जैसे संदर्भित, ग्रंथ सूची, प्रंशसा पत्र आदि पर चर्चा की उन्होंने प्रतिभागियों को थीसिस या शोध प्रबंध लेखन के लिए संदर्भित के मानक तरीकों की जानकारी दी।

प्रो. पी. जेटली, पूर्व संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय और प्रो. निर्मलनांशु मुखर्जी, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय ने कार्यशाला के पहले दिन लंच के बाद के सत्र में दो व्याखयान दिए। प्रो. जेटली ने ''इज द साइंटिफिक मैथड यूरोसेंट्रिक'' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में दार्शनिक शोध में वैज्ञानिक विधि के इतिहास के बारे में बताया। उनकी प्रस्तुति में दार्शनिक शोध में वैज्ञानिक विधि के महत्व को दर्शाया गया था।

पहले दिन की कार्यशाला में लंच के बाद के सत्र में दूसरा व्याख्यान प्रो. निर्मलनंशु मुखर्जी का था। उनकी प्रस्तुति का शीर्षक ''प्राब्लम ऑफ फिलोसफिजिंग इन इंडिया'6 था। प्रो. मुखर्जी ने कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया, जिन्हें उन्होंने बहुत पले अपने एक लेख ''एकेडमिक फिलोसफी इन इंडिया'' में उठाया था, उनका यह लेख मार्च, 2002 में ईपीडब्ल्यू में प्रकाशित हुआ था। उन्होंने भारतीय दार्शनिकों द्वारा क्वालिटी दार्शनिक कार्य की विफलता के बारे में बताया। भारत के दार्शनिक भारतीय विषय–वस्तु को शामिल करके शैक्षिक दुनिया में अपनी छाप छोड़ सकते हैं।

17.02.2015 (दिन–2)

लंच से पहले प्रो. एन मुखर्जी का व्याख्यान था। उनके व्याख्यान का शीर्षक ''लैंगवेज इम्बोडिड माइंड'' था। उन्होंने अपने व्ख्यायान में दावा किया कि भाषा सन्निहित है। एकता का विचार मन–शरीर द्वैतवाद का उत्पाद है। इसके बाद उन्होंने बताया कि भाषा वास्तव में मस्तिष्क का उत्पाद कैसे है। इस संबंध में प्रतीत्य सम्पुटडा के बौद्ध सिद्धांत के बारे में भी बताया गया।

लंच से पहले का दूसरा व्याख्यान प्रो. अशोक वोहरा, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय ने प्रस्तुत किया। उन्होंने ''इंपोसिबिलिटी ऑफ ए यूनविर्सल मैथड इन फिलोसफी–I पर अपना व्याख्यान दिया। प्रो. वोहरा ने अपने व्याख्यान में बताया कि दर्शन में शोध कार्य की कोई रेसिपी नही ंहै; अर्थात् दर्शन में ऐसा कोई विशेष विधि नहीं है, जिसका अनुसरण शोध कार्य करते हुए किया जा सकें। दर्शन में समस्याओं की भिन्नता के अनुसार लेखन के तरीके भी भिन्न होते हैं। इसमें अलग–अलग तरीके हैं जैसे भाषाई विधि, द्वंद्वात्मक विधि, वर्णनात्मक विधि आदि। व्यक्ति को लिखते समय समस्या के अनुसार विधि को चुनना होता है। मगर अपके द्वारा गई विधि समस्या का समाधान करने वाली होनी चाहिए।

लंच के बाद के सत्र में पहला व्याख्यान प्रो. बिजॉय बोरूह, प्रोफेसर, आईआईटी दिल्ली ने प्रस्तुत किया। उनका व्याख्यान ''अप्रियोरी और आर्मचेयर फलोसफिजिंग'' पर था। प्रो. बोरूह ने पश्चिम और पूर्व के परंपरागत दर्शन पर विचार रखें। उन्होंने दर्शन के कुछ महत्वपूर्ण पूर्व तर्कों का विश्लेषण किया, जैसे सेंट अन्सेलम का सात्विक तर्क,

डेस्क्रेट्स का कोजिटो इर्गो कुल तर्क और विटजेन्सटिन का निजी भाषा तर्क।

लंच के बाद के सत्र में दूसरा व्याख्यान प्रो. वोहरा ने दिया, जिन्होंने अपने पिछले व्याख्यान को जारी रखा। उन्होंने अपने दर्शन में चर्चा की और बताया कि प्रश्नों की 'एन' संख्याएं हैं मगर प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दिया जा सकता है और प्रत्येक उत्तर पर दुबारा प्रश्न पूछा जा सकता है। इसलिए लेखन कार्य करते समय प्रश्न जरूर करें और अपने नजरिये से इसका उत्तर देने का प्रयास करें। एक अच्छा लेखन वो है जिसमें लेखक प्रश्न का उत्तर देता है या अपने शब्दों में समस्या का समाधान प्रस्तुत करता है और तर्क देने का प्रयास करता है कि यह समाधान सबसे अधिक उपयुक्त है। अंत में, उन्होंने उन सभी छोटी–बड़ी समस्याओं के बारे में बताया जिनका सामना आप अपने शोध कार्य करते समय कर सकते हैं।

18.02.2015 (दिन–3)

लंच से पहले के सत्र में पहला व्याख्यान प्रो. बोरूह ने दिया था। उनके व्याख्यान का शीर्षक ''इनोवेटिव कंपेरेटिव फिलोसफी'' था। उन्होंने कई समकालीन दार्शनिक शोधों पर चर्चा की, जो भारत और पश्चिम में तुलनात्मक प्रकृति के हैं। विभिन्न दार्शनिक परंपराओं को समझने की आवश्यकता है। अगर आप विचार की एक प्रणाली का दूसरे विचार की प्रणाली से तुलना नहीं करते हैं तो यह दार्शनिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह भी जरूरी है कि दर्शन में युवा शोधार्थियों के अंतर–विषयक शोध को बढ़ावा दिया जाए।

लंच से पहले के सत्र में दूसरा व्याख्यान प्रो. पी. जेटली ने दिया। उनका व्याख्यान ''फिलासफी एज लकाटोसियन रिसर्च प्रोग्राम'' पर था। उन्होंने अपनी प्रस्तुति में और पोपर की विधियों के बारे में बताया। दर्शन में कोई विशेष विधि नहीं है क्योंकि दर्शन में विभिन्न समस्याएं हैं। इसलिए ऐसा कोई पक्का तरीका नहीं है, जिसे शोध कार्य करने के लिए सर्वव्यापी बनाया जा सकें। दर्शन में विधि दर्शनशास्त्र करने के बाद सामने आती है न कि केवल सीखने से। सबसे पहले शोधकर्ता को विभिन्न स्रोतों जैसे किताबों (प्राथमिक और माध्यमिक), पत्रिकाओं आदि से सीखना पढ़ता है और सीखने के बाद सीखी गई चीजों को अपने लेखन में उतारना होता है। शोध शुरू करने से पहले आपको सबसे पहले किसी की रूचि के क्षेत्र की समस्याएं ढूंढनी होती हैं। दार्शनिक शोध करने में रूचि प्रमुख कारक है। समस्या का चुनाव करने के बाद आपको समस्या से जुड़े साहित्य को खोजना होता है। शोधकर्ता को समस्या का समाधान करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होता है।

लंच के बाद के सत्र में पहला व्याख्यान श्री सुमंत सारथी शर्मा ने प्रस्तुत किया। उनका व्याख्यान ''द क्लासीकल नोशन ऑफ वैलिडिटी एंड साउंडनेस इन डिडक्टिव लॉजिक'' पर था। इसमें उन्होंने वियोजक तर्क में वैधता, अवैधता और पूर्णता पर चर्चा की। वाक्यात्मकता और अर्थ धारणा के बीच अंतर पर चर्चा की गई। वैधता की वाक्यात्मक धारणा और पूर्णता की अर्थ धारणा के बीच अंतर को स्पष्ट करने के लिए कुछ प्रतिबंधों को भी स्पष्ट किया गया था।

लंच के बाद के सत्र का दूसरा व्याख्यान डॉ. अनिल तिवारी, सहायक प्रोफेसर, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय ने दिया। उन्होंने ''मैथड्स ऑफ एनेलिसिस इन इंडियन फिलोसफी'' पर व्याख्यान दिया। शास्त्रीय भारत में दार्शनिक आमतौर पर रीजनिंग का सामान्य पैटर्न (वदाविधि, लिट। 'चर्चा की विधि') अपनाते हैंः उन्हें पहले अपने प्रतिपक्षी के

दृष्टिकोण का वर्णन करना चाहिए। प्रतिपक्षी की स्थिति को तकनीकी भाषा में पूर्वापक्षा कहते हैं। आवश्यक टीका के बाद बहस द्वारा पूर्वापेक्षा का जोरदार खंडन किया जाता है। इसे खंडन करना कहते हैं। प्रतिपक्षी की स्थिति का खंडन होने के बाद समर्थक अपनी स्थिति को बेहतर करता है जिसे उत्तरापक्षा या सिद्धांत कहते हैं। बहस की विधि को वर्णनात्मक ढंग से पूर्वापक्षा खंडनपूर्वक–सिंद्धांतप्रतिपढना विधि कहते हैं।

19.02.2015 (दिन–4)

प्रो. जेटली ने लंच से पहले के सत्र का पहला व्याख्यान दिया। उनके व्याख्यान का शीर्षक ''हाउ टू राइट फिलासफीकल वर्क्स. I था। अपने व्याख्यान में उन्होंने दार्शनिक शोध करने में आने वाली कई समस्याओं और चुनौतियों के बारे में बताया। शोध पत्र लेखन एक हुनर है। इस हुनर में समस्याओं का उल्लेख करना, समस्या को परिभाषित करना और अच्छे तर्क के जरिये इनका समाधान प्रस्तुत करना शामिल है। प्रो. जेटली ने सुझाव दिया कि व्यक्ति को एकाग्र चित से दिन में निरंतर तीन घंटे पढ़ना और लिखना चाहिए। शोधकर्ता को सप्ताह का एक ऐसा दिन चुनना चाहिए, जिसमें वह लगातार आठ घंटे काम करें। लेखन कला पहले पत्रिका को पढना और फिर लिखना है।

लंच से पहले के सत्र का दूसरा व्याख्यान डॉ. वरूण त्रिपाठी, सहायक प्रोफेसर, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय ने प्रस्तुत किया। उन्होंने ''इश्यू ऑन मोरल इपिस्टिमोलॉजी'' पर व्याख्यान दिया। डॉ त्रिपाठी ने नैतिक ज्ञानमीमांसा पर समकालीन शोध कार्यों पर चर्चा की। मूल प्रश्न, जिस पर उन्होंने चर्चा की, वह यह था कि ''क्या हम कभी जान सकते हैं या हमारे पास यह विश्वास करने के कुछ औचित्य है कि कोई चीज नैतिक दृष्टि से सही है या गलत, न्यायसंगत है या नहीं, वास्तविक है या अवास्तविक, आदर्श है या आधार, अच्छी है या बुरी?' इस संबंध में उन्होंने बुनियादवाद, संकल्पनावाद और सुसंगतवाद द्वारा विभिन्न दार्शनिक प्रतिक्रियाओं के बारे में बताया।

लंच के बाद के सत्र का पहला व्याख्यान डॉ. अनिल कुमार तिवारी का था। उनके व्याख्यान का शीर्षक ''प्रसंग : ए फिलोसफिकल अप्रोच'' था। प्रसंग तार्किक जांच की विधि है, जिसका विकास माध्यमिक बौद्धधर्म के संस्थापक नागार्जुन (सी. दूसरी शताब्दी सीई) द्वारा किया गया था। इस विधि में प्रतिपक्षी की दार्शनिक स्थिति को स्थिति में मौजूदा विरोधाभासों को उजागर करके बेतुका दिखाया जाता है और ऐसे विश्लेषण का मकसद सत्य की संकल्पनात्मक समझ के साथ जुड़ी सीमाओं का उल्लेख करना है। इसलिए यह कहना सही है कि तर्क की प्रसंग विधि दार्शनिकता की कठोर गतिविधि को तार्किक ढंग से व्यक्त करती है।

लंच के बाद के सत्र में दूसरा व्याख्यान प्रो. जेटली ने प्रस्तुत किया, जिन्होंने अपना पहले का व्याख्यान ''हाउ टू राइट फिलासफीकल वर्क्स. II को जारी रखा। प्रो. जेटली ने दार्शनिक पत्र लिखने के आठ तरीके बताएं जैसे (1) शोध, (2) पठन, (3) पुनः पठन, (4) कठिनाई, (5) रीजनिंगए (6) प्रत्यावर्तनए (7) रिविजनए (8) फिर से लिखना। इसमें एक ठोस कहानी होनी चाहिए जो पाठकों को प्रेरित करें और उन्हें पूरा शोध पत्र पढ़ने के लिए आकर्षित करें। अच्छा लेखक बनने के लिए आपको लिखने का अभ्यास करना चाहिए जिसके लिए पढ़ना जरूरी है। आपको लेख पढने चाहिए ताकि आप अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त कर सकें, फिर आपको पढ़े गए लेख पर टीका लिखनी चाहिए।

20.02.2015 (दिन–5)

कार्यशाला के अंतिम दिन का पहला व्याख्यान प्रो. पी.आर. भट्ट, आईआईटी बॉबे ने दिया। उन्होंने ''आर्डिनरी लैंगवेज फिलोसफी'' पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने साधारण भाषा दर्शन के इतिहास और शैक्षिक दर्शन में इसके उदभव पर चर्चा की। साधारण भाषा की परंपरा विटजेस्टिन के समय से चली आ रही हें साधारण भाषा दार्शनिक पत्र लिखने में काफी उपयोगी है क्योंकि साधारण भाषा जटिल भाषा की तुलना में सरल होती है, यह आसान और साधारण ढंग से काम करती है जो आम आदमी को समझ आती है। दर्शन में हमें चीजों और अपने लेखन को दूसरे के समझने योग्य बनाना चाहिए। जटिल भाषा को अपनाना जरूरी नहीं है। साधारण भाषा में लेख को लिखना आसान है और पढ़ना आसान है। भाषा संवाद करने या अपने विचारों को दूसरों पर प्रकट करने का साधन है।

लंच से पहले के सत्र का दूसरा व्याख्यान डॉ. गोपाल शाहु, एसोसिएट प्रोफेसर, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने दिया। उन्होंने ''राइटिंग ए फिलोसफी पेपरःस्किल्स, स्टेप्स एंड स्ट्रक्चर'' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने अपने व्याख्यान में दार्शनिक पत्र लिखने की कई बारीकियों पर चर्चा की। उन्होंने लेखन के विभिन्न हुनर पर चर्चा की जैसे (1) विषय कौशलः व्यक्ति को शोध के क्षेत्र के लेखकों, काल और ऐतिहाकस विकास के बारे में जानना चाहिए। जिससे वह दार्शनिक मुहावरों और भाषा से परिचित हो सकें; तर्कों, व्यवस्था, तर्क के नियमनिष्ठा, तक के मूल्यांकन, तक में अशुद्धि की पहचान करने और तर्क में अशुद्धि को नाम देना चाहिए। (2) पठन कौशलः व्यक्ति को विषय से संबंधित सभी लेख, किताबें पढ़नी चाहिए। (3) लेखन कौशलः इसमें लिखते समय स्पष्टता, सुबोधगम्यता, सरलता होनी चाहिए। (4) फार्मेटिंग कौशलः विभिन्न संदर्भ शैलियों जैसे एमएलए, एपीए आदि की जानकारी होनी चाहिए।

लंच के बाद के पहले सत्र में प्रो. पी.आर. भट्ट ले व्याख्यान दिया। उन्होंने ''थॉट एक्सपेरीमेंट मैथड'' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने दार्शनिक शोधों विशेषकर समकालीन दिनों में विचार प्रयोग विधियों के महत्व के बारे में बात की। हालांकि प्रयोग का इस्तेमाल किया जा सकता है और यह इसका इस्तेमाल आमतौर पर दूसरी स्थापित दार्शनिक सिद्धांतों की आलोचना करने में किया जाता है। प्रो. भट्ट ने कहा कि विचार प्रयोग विधि न केवल विपरीत विचारों में दोष खोजने में मदद करती है बल्कि यह व्यक्ति की थीसिस का बचाव करने में भी मदद करती है।

कार्यशाला का अंतिम व्याख्यान डॉ. गोपाल शाहु का था। उन्होंने ''इन्वेंटिंग काउंटर एक्जांपल थ्रू थॉट एक्सपेरीमेंट'' पर व्याख्यान दिया। उन्होंने दार्शनिक शोधों में जवाबी उदाहरणों की प्रासंगिकता पर चर्चा की। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि विचार प्रयोगों के जरिये जवादी उदाहरण बनाए जा सकते हैं।

विभिन्न दार्शनिक क्षेत्रों में विभिन्न विद्वानों द्वारा दिए गए इन कुल उन्नीस सत्रों के साथ तकनीकी सत्रों का समापन हुआ। ये सभी सत्र प्रतिभागियों के लिए अत्यंत फायदेमंद थे, जिन्होंने कार्यक्रम के अंत में अपने विचार साझा किए।

समापन सत्रः

यह पांच दिवसीय कार्यक्रम समापन सत्र के साथ समाप्त हुआ, जो 20 फरवरी, 2015 को 16.30 बजे आयोजित किया गया। अध्यक्ष संकाय, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान समापन सत्र में मुख्य अतिथि थे। प्रो. पी. आर. भट्ट, प्रो. पी. जेटली और डॉ. गोपाल शाहु कार्यशाला के संसाधन व्यक्तियों के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे।

श्री अशोक कुमार तराई, कार्यशाला के आयोजक ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम में मौजूद सभी संसाधन व्यक्तियों ने इस आयोजन के लिए दर्शनशास्त्र स्कूल को बधाई दी, उन्होंने दर्शनशास्त्र के युवा शोधार्थियों के लिए बेहद जरूरी कार्यशाला बताया।

प्रो. वी. के. भट्ट, अध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान ने सभी प्रतिभागियों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया, ये लोग देश के विभिन्न हिस्सों से इस कार्यक्रम में भाग लेने आए हुए थे। उन्होंने विभिन्न विषयों में दर्शन की प्रासंगिकता के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि कैसे सभ्यता के इतिहास में कुछ महान गणितिज्ञ अपने करियर के अंत में दार्शनिक बन गए थे।

डॉ. वरूण के. त्रिपाठी ने धन्यावाद ज्ञापन दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

''सेल्फ, वर्ल्ड एंड मोरालिटी : स्कोपेंहउेर एंड इंडियन फिलोसफी विद ए स्पेशल रिफरेंश टू द उपनिषद (ओपनेक'हाट)'' पर सम्मेलन की रिपोर्ट

दर्शनशास्त्र विभाग, देशबंधु कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और आईडीएसएस (इंडियन सोसायटी ऑफ स्कोपेंहउेर सोसायटी), जेएनयू संस्कृति अध्ययन केन्द्र, एमएमबी (मैक्स मूलर भवन) द्वारा मिलकर यह सम्मेलन आयोजित किया गया। जर्मनी, फ्रांस और आस्ट्रेलिया के विदेशी शोध छात्रों के साथ देशभर से आए शोध छात्र पश्चिमी दार्शनिक को अपनी श्रद्धांजलि देने और उनकी याद में सम्मान प्रकट करने के लिए 23–25 फरवरी, 2015 को कन्वेंशन सेंटर जेएनयू में एकत्रित हुए, वे ऐसे दार्शनिक थे जिन्होंने उपनिषदों और बौद्ध विचारों से पश्चिम दुनिया को अवगत कराया।

डॉ. आरती बरूआ, निदेशक, आईडीएसएस ने जनसमूह का स्वागत किया और डॉ. रामनाथ झा, जेएनयू और सम्मेलन के सह–संयोजक ने सम्मेलन की विषयक दृष्टि के बारे में बताया। इसके अलावा, देशबंधु कॉलेज और अन्य संस्थानों के शिक्षकों एव छात्रों ने इस सम्मेलन में भाग लिया।

प्रो. एस के सोप्रे, उपकुलपति, जेएनयू सेमिनार का उद्‌घाटन करते हुए अपने उदघाटन भाषण में स्कोपेंहउेर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डॉ. बिजॉय, मैंज के यू से लिप्रेंडेंट ने प्रो. मथायस कोसलेर, अध्यक्ष, स्कोपेंहउेर गैसलसाफ्ट, जर्मनी की ओर से विशेष भाषण दिया। प्रो. वी. एन. झा, पूर्व निदेशक, एडवांस्ड संस्कृत स्टडी सेंटर, पूना विश्वविद्यालय ने प्रमुख भाषण दिया और भारतीय दर्शन एवं संस्कृति के महान प्रशंसक आर्थर स्कोपेंहउेर को सम्मान देने में आईडीएसएस एवं संस्कृति अध्ययन केन्द्र, जेएनयू के प्रयासों की सराहना की।

8–10 जनवरी, 2015 को दर्शनशास्त्र विभाग, हैदराबाद विश्वविद्यालय मे आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार 'इंटेंशनिएलिटी नोरमेटिववविटी और ऑब्जेक्टीविटी' की रिपोर्ट

'इंटेंशनिएलिटी नोरमेटिववविटी और ऑब्जेक्टीविटी' नाम के अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में तीन अलग–अलग विषयों में

झांकने का प्रयास किया गया और यह भी बताया गया कि ये विषय एक साथ कैसे आए। वैचारिकता, प्रामाणिकता और निष्पक्षता के विषय दर्शन के विभिन्न उप–क्षेत्रों जैसे मन का दर्शन, एपिस्टोमोलॉजी, संज्ञानात्मक विज्ञान का दर्शन और विज्ञान का दर्शन से बहुत आगे निकल गए हैं। सेमिनार का जोर वर्तमान शोध के आलोक में इन अवधारणों पर पुनर्विचार करने पर था और सामान्य रूप से निष्पक्षता की विशेषताएं कैसे प्रामाणिकता की विशेषताओं से टकराती हैं। सेमिनार के कुछ पत्रों में बताया गया था कि प्रामाणिकता की विशेषताएं किस तरह से वैचारिकता की विशेषताओं के लक्षण बताने में महत्वपूर्ण हैं। सेमिनार का शुभारंभ प्रो. अकील बिलग्रामी, मूल्यों और एजेंसी के लिए एक प्रख्यात दार्शनिक के प्रमुख भाषण के साथ हुआ। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैसे मूल्यों द्वारा एजेंसी संभव है जो दुनिया के अंगभूत हैं। अगले दो सत्रों के पत्रों का जोर कांतियन बुनियाद पर खड़ी कार्टेसियन लिंग्वीस्टिक से जुड़ी प्रामाणिकता पर था और चोम्सकियान लिंग्वीस्टिक भाषा पर स्पष्टीकरण दे रहे हैं। पत्रों में ज्ञान के डिगेटीयराइज्ड एकाउंट मार्क्स को समझने में पेरिक्स के प्रभाव के साथ जुड़ी प्रामाणिकता पर भी विचार किया गया।

सत्र III और IV में रखे गए पत्रों का फोकस नैतिक एजेंटोंः व्यक्तिगत और सामूहिक, नैतिकता, संस्कृति और विटजेनिस्टन की व्याख्याओं में मूल्यों, वैचारिकता के मार्ग के जरिये भाषायी अभ्यावेदनों में निर्मित नोमेलिटी और सर्ले के सत्याभाषी और इसके निर्देशात्मक एवं ऑब्जेक्टिव बाध्यता के साथ मेटजलेस और चेतना के प्रत्युत्तर पर था।

सत्र V में रखे गए पत्र का फोकस प्रामाणिकता पर था जो इन्सान और ज्ञान को जोड़ती है और निष्पक्षता जो सत्य और वाजिब एवं उनके आतंरिक कान्सेपट मैपिंग से संबद्ध है मार्क्स एवं टेक्नोलॉजी हीडग्रेरियन एकाउंट से संबद्ध और कोई रेनेटिविटी नहीं और निष्पक्षता से भी संबद्ध है।

समापन कार्यक्रम के साथ सेमिनार का समापन हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्रो–उप कुलपति, प्रो. ई हरिबाबू ने की और और श्री ए.वी वजलवार ने शानदार प्रायोजन के लिए आईसीपीआर को धन्यवाद किया।

दर्शन, भाषा और राजनीति : उत्तर संरचनावाद का पुनर्मूल्यांकन पर शैक्षणिक सेमिनार

उत्तरसंरचनवाद, जो पिछले पांच दशकों में विकसित हुआ है, के विचार और पद्धति पर विचार–विमर्श करने के लिए दर्शन, भाषा और राजनीतिः उत्तर संरचनावाद के पुनर्मूल्यांकन पर एक अंतर्राष्ट्रीय शैक्षिक सेमिनार 12 दिसंबर, 2014 को जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम को जेएनयू, एल'इंस्टियूट फ्रान्सिस, नई दिल्ली, आईसीएसएसआर (उत्तर क्षेत्र), नई दिल्ली और आईसीपीआर नई दिल्ली का समर्थन प्राप्त था। फ्रांन्सन मंजाली, मुख्य संयोजक ने भारत से बाहर से आए प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए इस सेमिनार का परिप्रेक्ष्य और संदर्भ के बारे में संक्षेप में बताया। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता आयशा किदवई, अध्यक्ष, भाषा केन्द्र ने की। इकोले नार्मल सुपररयोर, पेरिस के मार्क क्रिपन ने उद्घाटन व्याख्यानः द इन्वेंशन ऑफ द इडियम्सः द इवेंट ऑफ अनट्रांसलेटेबल दिया। क्रिपन का शोध पत्र साधारण या विद्वान तरीके से भाषा के प्रयोग के संदर्भ में मुहावरों की प्रासंगिकता और उन सभी घटकों के बारे में संवेदनशील होने पर केन्द्रित है, जिनमें ऐतिहासिक अवसाद है। शोधपत्र व्यक्ति की नैतिक–राजनैतिक आस्तित्व की विशिष्टता के भाग के रूप में उन्हें विस्थापित करने और

अभिभूत करने के काम पर आधारित है। क्रेपन के संदर्भ का मुख्य बिंदु डेरिडा सेमिनल का काम, मोनोलिंगयुएलिज्म ऑफ द अदर, या द प्रोस्थेसिस ऑफ ओरिजन था।

इसके बाद, बारह सत्र आयोजित किए गए जिनमें 23 शोधछात्रों ने अपने शोधपत्र प्रस्तुत किए। इनमें से पहला पॉल पैटन, न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी, सिडनी और अनिरूद्ध चौधरी, आईआईएएस, शिमला के व्याख्यान थे। पैटन के शोधपत्र उत्तर संरचनावाद और राजनैतिक प्रामाणिकताः द केस ऑफ डेल्यूज, में उत्तर संरचनावाद विचार के खिलाफ सामान्य आलोचना को संबोधित किया कि इसने समकालीन समाज और सरकार से संबंधित प्रामाणिक सिद्धांतों पर ध्यान नहीं दिया गया था। पैटन ने तर्क दिया कि हालांकि यह आलोचना डेल्यूज और गुआटर के एंटी–ईडिपिस और थाउजंड प्लेटयूस के संबंध में कुछ प्रासंगिक है, यह उस भावना की अनेदेखी करती है, जिसमें औपचारिक प्रामाणिकता फोकोल्ट, डेरिडा और डेल्यूज के अपन काम में निहित है और कि डेल्यूज एवं गुआटर का बाद का कार्य सीधे ही राजनीतिक अवधारणा और मापदंडों से जुड़ा है, जो उदार संवैधानिक राज्य का निर्माण करते हैं। दूसरा शोधपत्र, एकल इतिहासः चौधरी द्वारा प्रारंभ हाईडेगर में फिनिटयूड, टेंपोरेलिटी और हिस्ट्रोरिसिटी पर था, जिसमें हाईडेगर के जीवन और काल के तर्क के लिए ऐतिहासिकता की धारणा का पता लगाया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि फिनिटयूड और व्यक्तित्व हाइडेगर के ऐतिहासिकता और ऐतिहासिक पुनरावर्ति के विश्लेषण अविभाज्य अंग बन हुए हैं।

दूसरा सत्र रूस्तम सिंह, एकलव्य संस्थान, भोपाल के शोधपत्र के साथ शुरू हुआ, जिसका शीर्षक नॉट दिस, नॉट देट, मौरिस ब्लेन्चोट और उत्तर संरचनावाद था। उनके अनुसार, ब्लेनचोट उत्तर संरचना आंदोलन का केन्द्र बिंदु था और इसे भाषा, काम और फ्रेगमेंटरी पर पुराने दृष्टिकोण में देखा जा सकता है।

दिन के अंतिम सत्र में अछियाअंजी, जेएनयू ने शोधपत्र प्रस्तुत किया, उन्होंने मिशेल फूको के निबंध ''दिस इन नॉट ए पाइप'' पर चर्चा की, यह बेल्जियम के प्रसिद्ध कलाकार रेने मेग्रीट की प्रसिद्ध पेंटिंग की व्याख्या करता है, उनके शोधपत्र का शीर्षक दिस जी (नॉट) ए पाइप फूको का निबंध पढ़ने की पेशकश करता है, यह मेग्रीट की पेंटिंग के संदर्भ में आधुनिक कला की आलोचना करना चाहता है। उन्होंने ब्रिटिश ग्रेफ्टी कलाकार बांस्की द्वारा ''दिस इन ए पाइप'' के महत्व पर प्रकाश डाला है, जो मेग्रीट की पेंटिंग को चुनौती देती है। जे इयन–लक नैंसी का लाइव वीडियो जोइस के वर्षगांठ के बारे में है। ''सीन्स ऑफ इनर लाइफ'' फॉर द टेन्थ टूलबॉक्स गो टू वॉर?' उत्तर संरचनावाद की राजनैतिक विरासत, केस्ट ने उत्तर संरचनवावाद विचारकों की एंटीपिसक्रिप्टिव और एंटीटोटलाइजिंग रूख पर चर्चा की क्योंकि यह आज के वैश्विक फजी और राजनैतिक स्थिति के समाधान के लिए उपयुक्त है। कुछ कार्यों को आपस में संबद्ध करने के लिए उन्होंने डीरिया, डेल्यूज और गुआटरी और नाइटजेक की तीन प्रमुख धारणाओं यथा मित्रता, बनना और वाइटिलिज्म पर चर्चा की। बिश्वास का शोधपत्र फूको और डीरिया सत्य और अर्थ पर था। अर्थ संबंधी, राजनैतिक और नैतिक पुनर्मूल्यांकन न्याय, विषय, सत्य और अर्थ के विचारों पर केन्द्रित था। बिश्वास ने डीरिडीन और फूकोडियन स्थितियों की सत्य के आधार पर तुलना की, जो मुख्यताया 'तृतीय पक्ष' के रूप में व्यक्ति की विधान बेबसी में न्याय की न्यूनतम घोषणा है। उनके पत्र में ''द पर्लओइंड लैटर'' फरोम द इवेंट होरीजनः लैटर टू माई लव ऑफ ट्रेवल, को स्मरण करते हुए चटर्जी ने एडकर एलन पो की कहानी ''द पर्लओइंड लैटर'' पर पुनविर्चार करने पर जोर दिया ताकि डीरिडा और लकन के बीच की बहस को समझा जा सकें, जो कई पत्रों की सीरीज में है। वे दिखाना चाहते हैं कि कैसे ट्रेवोलॉजी के विचार के जरिये जीवन को समझने के

लिए भाषा और यात्रा करीब आ सकते हैं।

तीसरे और अंतिम दिन के पहले सत्र में तीन शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। अनुप धर, अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली ने प्रासंगिक प्रश्न उठाया ''यह उत्तर संरचनावाद का पुनर्मूल्यांकन करना है?'' उनका शोधपत्र, क्रिप्टोनॉमीः डिकंस्ट्रक्शन, साइकोएनेलिसिस, पोलिटिक्स का संबंध साइकोएनेलिसिस एंड साइकोएनेलिटक और द क्रिप्टा–एनेलिटिक से है, जिसे डीरडिया के ''जिओपसाइकोएनेलिसि' और शेष दुनिया में संबोधित किया गया है। अपने शोधपत्र, द बॉडी ऑफ नॉलेजः नोट्स ऑन द स्टिग्मा टेक्स्ट, संध्या देवेसन नांबियार, दिल्ली विश्वविद्यालय ने ''एनिमल काल्ड मैन'' की श्रेणी का अन्वेषण किया, जिसमें उन्होंने विशेष श्रेणी को समस्या के रूप में माना। उन्होंने 'द एनिमल देट दियर फॉर आई एम'' और ''द बेस्ट एंड सोविरजन'' में डीरियल के विचारों पर गहराई से चर्चा की और इनका अनुसरण किया। इस संदर्भ में, उन्होंने हाइडीगेरियन के मिटसेन के विचार और डेल्यूजियन के पशु बनने के विचार पर प्रकाश डाला। इस बीच, सौरव कारगुपत, सीएसएसएस, कोलकाता ने अपने पत्र, डिकंस्ट्रक्शन ऑफ्टर मार्क्स में डीरिडा के वैकल्पिक पठन को मुहैया कराया और सोचने के दो तरीके एक बाहरी, ने पूरक और रखे गए पाठ में भूमिका के सैद्धांतिक स्थापन को स्पर्श किया गया। मार्क्सवादी 'यूज–वैल्यु' के संबंध में उन्होंने बताया कि कैसे दोनों जेक्स डीरडा और गायत्री चक्रवर्ती–स्पाईवाक ने मार्क्सवाद को पढ़ा।

सेमिनार का दसवें सत्र में अनिर्बेन दास, सीएसएसएस, कोलकाता और सिबी के. जॉर्ज, आईआईटी मुंबई ने अपने पत्र प्रस्तुत किए। दास ने अपने पत्र द साइंस क्वेश्चन इन पोस्टस्ट्रक्चरलिज्मःऐथिक्स एंड पॉलिटिक्स ऑफ द रीयल में कारण की कटौतियों के अकाट्य तर्क और अनुभववाद में सक्रिय रीजनिंग के प्रेरक मोड के बीच बुनियादी प्रतिपक्षी का विश्लेषण किया। इसमें उन्होंने इस प्रश्न पर विचार किया गया कि विश्वास और वैज्ञानिक ज्ञान कैसे एक साथ रह सकते हैं। डीरिडीन के दृष्टिकोण से इस संबंध को पढ़ने में उन्होंने मानव होने और लेखन की संरचना की व्यापकता से इसके संबंधों और की मूल जातीयता पर चर्चा की। जॉर्ज के पत्र कंस्टीटयूटिव थ्योरी ऑफ लैंगवेज एंड द पोलिटिक्स ऑफ चेंज में भाषा विधान सिंद्धों का पता लगाया गया, जिसमें शब्द और जीवन को एक साथ लाया गया है और भाषा की प्रत्युत्तर शक्ति पर बल दिया गया है। हाईडेगर के संदर्भ में इस विचार का विश्लेषण किया गा हैं

''आत्मज्ञान और नैतिक पहचान'' पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट

वीएमसीसी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉबे में 13–16 जनवरी, 2015 के दौरान ''आत्मज्ञान और नैतिक पहचान'' पर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया । इस सम्मेलन में विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की गई जो आत्मज्ञान और नैतिक पहचान के विधान एकाउंट की रूपरेखा प्रस्तुत करते हैं। चर्चा ज्ञान को जानने और समझने के भिन्न तरीकों में निहित जटिलताओं और प्रामाणिक अंतर–वैयक्तिक संबंध, जो सामाजिक जीवन में मौजूद हैं, के संदर्भ में हमारी नैतिक पहचान का निर्माण करने के महत्व पर केन्द्रित थी। सम्मेलन के पहले दिन (आईसीपीआर द्वारा पूर्णत वित्तपोषित) का शुभारंभ प्रोफेसर डी. पार्थसारथी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग प्रमुख, आईआईटी, बॉम्बे के स्वागत भाषण के साथ हुआ। प्रोफेसर रंजन के पंडा, सेमिनार के संयोजक ने विषय का परिचय दिया और आत्मज्ञान पर डिबेट के महत्व के बारे में बताया। प्रो. आर. सी. प्रधान ने प्रारंभिक व्याख्यान दिया। प्रो.

प्रधान ने अपनेपन के हमारे ज्ञान की खूबियों पर प्रकाश डालने के लिए प्रामाणिक दृष्टि से आत्मज्ञान की प्रकृति का पता लगाया जो अभौतिक और नैतिकता की सीमा है और इसके साथ आत्मज्ञान पर समकालीन डिबेट के संबंध में कुछ समस्याओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह तर्क देकर कि आत्मज्ञान का विचार हमारे स्व के अभौतिक विचार द्वारा तय होता है, के जरिये आत्मज्ञान के लिए कार्तीय दृष्टि की सीमाओं को भी दर्शाया। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. अकील बिलग्रामी, भारत में जन्मे प्रख्यात दार्शनिकों में से एक ने की।

14 जनवरी, 2014

दिन के पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर आर. सी. प्रधान ने की और पहले वक्ता प्रोफेसर अकील बिलग्रामी, सिडनी, मोरजेनबीसर प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र, कोलंबिया विश्वविद्यालय थे, जिन्होंने ''लिब्रललिज्म एंड द कान्सेप्ट ऑफ आइडेंटी'' पर चर्चा की। उन्होंने अपने व्याख्यान को व्यावहारिक कारण में दार्शनिक मुद्दों के साथ राजनीति में पहचान की अवधारणओं से जोड़ा और फिर प्रयास किया और दर्शाया कि उनकी नैतिक मानसिकता में छिपी टेंशन को प्रकट करके पहचान राजनीति से निपटना उदारवाद के लिए कितना मुश्किल है। इसी सत्र के दूसरे वक्ता प्रोफेसर अमिताभ दासगुप्ता, हैदराबाद विश्वविद्यालय थे और उनके शोधपत्र का शीर्षक ''सेल्फ–कान्सेप्शन एंड सेल्फ–नॉलेजःए मैपिंग ऑफ द मोरल डाइमेंशन ऑफ द सेल्फ'' था। अपने शोध पत्र में उन्होंने कहा कि आत्मज्ञान पर चर्चा को परंपरागत और समकालीन दर्शन, दोनों में महत्वपूर्ण स्थान मिला है। उनके शोधपत्र में तर्क दिया गया है कि आत्मज्ञान को दो भागों में देखा जा सकता है। पहले भाग को स्व–संकल्पना कह सकते हैं, जो गुणों के समूह के रूप में स्वयं को व्यक्त करता है, जैसे स्वयं जैसा सोचना, रीजनिंग और भावना अभिव्यक्त करना। आत्मज्ञान का दूसरा भाग सूचना का विशेष टुकड़ा है जो हम स्व–संकल्पनाओं के कुछ वर्सन की पृष्ठभूमि पर अपने बारे में बनाते हैं। इस शोधपत्र में दर्शाया गया है कि आत्मज्ञान के ये दो पहलु मिलकर स्वयं के नैतिक विधान प्रकृति का निर्माण करते हैं।

इसी दिन के दूसरे सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर विक्रम सिरोला, एचएसएस, आईआईटी, बॉम्बे ने की। डॉ. गीता रमन, मुंबई विश्वविद्यालय का एक शोधपत्र ''द मोरल एंड द ट्रांसपेरेंट ऑफ सेल्फ'' और रोशनी, एचएसएस आईआईटी बॉम्बे का शोधपत्र ''द नेचर ऑफ सेल्फ–नॉलेज इन कृष्णचंद्रा भट्टाचार्य'' प्रस्तुत किए गए, जिसके बाद प्रतिभागियो के साथ चर्चा की गई। दिन के लंच के बाद तीसरे तकनीकी सत्र की अध्यक्षता प्रो. परवेश जंग गोले, एचएसएस आईआईटी, बॉम्बे ने की और इसमें सजग एजेंसी और नैतिक मूल्यों पर जोर दिया गया। इस सत्र में दो शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। प्रो. सी.डी. सेब्सटियन ने चौथे सत्र की अध्यक्षता की और डॉ. पौलिना रमेश, उपासला विश्वविद्यालय, स्वीडन ने चर्चा के लिए शोधपत्र प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक ''सेल्फ नॉलेज एंड सेलरियलाइजेशन इन एन्साइंट प्लेटोनिस्म'' था। दिन का अंतिम सत्र प्रो. नारायण के साथ जारी रहा, जिन्होंने सत्र की अध्यक्षता की और और डॉ. निर्मला नारायण चक्रवर्ती के शोधपत्र ''सेल्फ–नॉलेजःद मोरल डाइमेंशन'' से शुरू किया इसके बाद, डॉ. विनीत शाहु, आईआईटी कानपुर के शोधपत्र ''सेल्फ टू मोरल सेल्फः द कन्टयूनम पर्सन, पर्सनल आइडेंटिटी एंड मोरल आइडेंटिटी'' पर चर्चा की गई। दिन का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम ''रबीन्द्र संगीत'' के साथ किया गया।

15 जनवरी, 2014

तीसरे दिन का पहला तकनीकी सत्र प्रो. करोल रोवेन, कोलंबिया, विश्वविद्यालय, न्यू यॉर्क के शोधपत्र के साथ शुरू

हुआ, इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. मंदिपा सेन, जेएनयू नई दिल्ली द्वारा की गई। अगले सत्र की अध्यक्षता प्रो. पी.आर. भट्ट द्वारा की गई। यह सत्र दो शोधपत्रों के साथ आयोजित किया गया था। पहला शोधपत्र स्मिता सिरकर, जाधवपुर विश्वविद्यालय कोलकाता ने प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक ''अंडरस्टैंडिंग कलेक्टिव मोरल रिस्पांसिबिलिटी थ्रू द कार्मिक वर्ल्ड'' था। दूसरा शोधपत्र पिओट्रे मकोस्की, अडम विश्वविद्यालय, पोलैंड द्वारा प्रस्तुत किय गया। उनके शोधपत्र का शीर्षक ''शेयर्ड एजेंसीः इटेंशन, रीजन्स एंड प्रोपेनसाइट्स टू एक्ट'' था। दिन के तीसरे सत्र की अध्यक्षता प्रो. राकेश चंद्रा, लखनऊ विश्वविद्यालय ने की और इसकी शुरूआत डॉ. अनुमप यादव, बीआईटीएस पिलानी के शोधपत्र के साथ हुई जिसका शीर्षक ''द क्वेस्ट फॉर द सेल्फहुड एंड द मोरल आइडेंटिटी'' था। दूसरा शोधपत्र प्रोरंजन के पंडा, एचएसएस, आईआईटी बॉम्बे का था, जिसका शीर्षक क्वेस्ट फॉर आइडेंटिटीः वॉकिंग ऑन द लेन ऑफ नोरमेटिविटी'' था। दिन के लंच के बाद के सत्र की अध्यक्षता प्रो. करोल रोवेन, कोलंबिया, विश्वविद्यालय, न्यूयॉर्क ने की और प्रो. के. श्रीनिवास, मानविकी स्कूल, पुदुचेरी विश्वविद्यालय ने शोधपत्र प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक ''इज सेल्फ–नॉलेज पॉशिबल'' था। दिन की सबसे रोचक और जोशपूर्ण चर्चा प्रोफेसर अकील द्वारा रचित और हार्वड यूनिवर्सिटी प्रेस, 2006 में प्रकाशित पुस्तक ''सेल्फ–नॉलेज एंड रिसेंटमेंट'' पर संगोष्ठी थी। इस संगोष्ठी में भाग लेने वाले चर्चाकार थेरू 1) प्रोफेसर मंदिपा सेन, जेएनयू, नई दिल्ली 2) प्रो. राकेश चंद्रा 3) डॉ. निशाद पटनायक, द न्यू स्कूल, न्यूयॉर्क सिटी 4) विनीत शाहु, आईआईटी कानपुर। अकील बिलग्रामी की पुस्तक सेल्फ–नॉलेज एंड रिसेंटमेंट न केवल आत्मज्ञान के विशेष चरित्र का गूढ़ और आदर्श लेखा–जोखा प्रस्तुत करती है बल्कि यह एक तथ्य–मूल्य विभेद, मुक्त इच्छा की समस्या और एजेंसी और वैचारिकता की प्रकृति के बारे में दिलचस्च पुस्तक है। बिलग्रामी के अनुसार आत्मज्ञान दो विशेषताओंः प्राधिकार और पारदर्शिता के नैतिक गुणों में खास है। उन्होंने तर्क दिया कि हमारी वैचारिक सिथति का आत्मज्ञान हमारे सभी ज्ञानों में विशेष है क्योंकि यह उक्त संदर्भ की मानक भावना में ज्ञानमीमांसा विचार नहीं है बल्कि विचार और एजेंसी का मूलतः प्रामाणिक प्रकृति का नतीजा है। एक एकीकृत दार्शनिक स्थिति में चार विषय या प्रश्न एक साथ लाए गए थेंः वो कौन सी चीज है जो आत्मज्ञान को ज्ञान के दूसरे रूपों से अलग करती है? नियतात्मक ब्रह्मांड में स्वतंत्रता और एजेंसी को क्या चीज बनाती है? वो कौन सी चीज है तो विषय अलघुकरणीय की वैचारिक स्थिति को इसकी भौतिक और कार्यात्मक स्थिति बनाती है? और कौन मूल्य को प्रकृति की स्थितियों के लिए अपरिवर्तनीय बनाता है ताकि प्राकृतिक विज्ञान उनका अध्ययन कर सकें? यह दावा कि आत्मज्ञान खास है और यह बाहरी दुनिया के ज्ञान से भिन्न है, एक प्रशंसनीय और आकर्षक है। पुस्तक का प्रारंभिक उद्देश्य यह दर्शाना है कि इस दावे का दार्शनिक प्रमाण उपलब्ध कराने का सर्वोतम तरीका यह है कि बिल्ग्रामी के 'एकीकरण'' की संख्या का समर्थन करना हैः एजेंसी का मूल्य के साथ और वैचारिकता का मूल्य के साथ एकीकरण। बिलग्रामी ने चार लंबे अध्यायों में इन एकीकरण के द्वारा प्राधिकार एवं पारदर्शिता के लिए 'संकल्पनात्मक आधार' के बारे में बताया, जिसके परिणामस्वरूप आत्मज्ञान का प्रामाणिक एकाउंट के रूप में सामने आता है, ये सब मिलकर वैधानिक विचारों जैसे 'औचित्य' या 'हकदारी' को रोकता है। आत्मज्ञान की व्यापक कार्तीय विटजेंस्टीनियन सिद्धांतों को अस्वीकार करने के बाद बिलग्रामी मुख्य विरोधी सिद्धांत पर आए, कारण–अवधारणात्मक मॉडल, जो कारक तंत्रों के संबंध में आत्मज्ञान का निर्माण करती है जो दूसरे दर्जे की आस्थाओं और प्रथम दर्जे की मनोवृत्ति को जोड़ता है। बिलग्रामी ने इसके खिलाफ यह तर्क दिया कि दूसरे दर्ज की आस्थाओं और प्रथम दर्जे की मनोवृत्तियों के बीच संबंध मात्र आकस्मिक नहीं हैं बल्कि वैधानिक और संकल्पनात्मक है। पुस्तक करीने से संरचित है। अध्याय 1 पारदर्शिता एवं प्राधिकार के दावे का प्रतिनिधित्व

करता है और विचार करने के लिए बिलग्रामी के कारण देता है कि आत्मज्ञान का कोई भी अवधारणात्मक या आनुमानिक एकाउंट उन्हें सही वजन नहीं दे सकता। अध्याय 2–3 पारदर्शिता के लिए 'संकल्पनात्मक आधार' प्रदान करता है। इस दृष्टि का तर्क पी. एफ. स्ट्रासन्स के प्रभावकारी शोधपत्र 'फ्रीडम एंड रिसेंटमंट' पर आधारित है। अध्याय 4–5 प्राधिकार के लिए 'संकल्पनात्मक आधार' देता है। बिलग्रामी 'कंपलीटली पॉसिव' पर विचार करता है और तर्क देता है कि कोई विचारक होना संभव नहीं हो सकता है। पूरी तरह से निष्क्रिय होने से प्रथम व्यक्ति के रीजनिंग और विमर्श की दृष्टि से कमी है। ऐसा सर्वश्रेष्ठ 'उदाहरण देना' हो सकता है और यह निष्कर्ष निकलता है कि विचार, वैचारिकता एवं आत्मज्ञान के लिए एजेंसी एक जरूरी शर्त है। बिलग्रामी ने अधिक महत्वाकांक्षी दावे के लिए तर्क दिया कि वैचारिक स्थितियां अपने आपमें अधिक प्रामाणिक दशाएं हैं। इस दृष्टि का तर्क कृपके के नियम अनुपालन और मूर के मुक्त प्रश्न पर आधारित हैं। वैचारिक स्थितियां कतिपय टिप्पणियों के लिए जरूरी हैं; इसलिए बिलग्रामी के तर्क, मानसिक स्थिति की पहचान मिजाज के साथ नहीं की जा सकती है। अध्याय 6 दो परिशिष्ट के साथ समाप्त होता है। पहला बिलीग्राम आत्मज्ञान के बीच संबंध को बताता है, जैसा कि वैधानिक दृष्टि से समझा गया है। उन्होंने अभी तक ज्ञात मामलों का बचाव किया जिनमें आत्मज्ञान विफल हो सकता है या स्व–अन्वेषण या तीसरे व्यक्ति की सूचना की आवश्यकता हो सकती है। दूसरा प्रतिबद्धताओं के रूप में बिलग्रामी की अंतर्राष्ट्रीय निरूपण के अलोक में कार्यवाही के लिए कारणों के संबंध में बाहयवादी और अंतःवादी के बीच बहस की 'रिओरिएंटेशन' का सुझाव देते हैं। कुल मिलाकर बिलग्रामी की पुस्तक आत्मज्ञान के विचार के जटिल दृष्टिकोण के साथ बुने कई रोचक तर्क पेश करती है और यह एजेंसी और वैचारिकता के लिए प्रामाणिक व प्रकृतिवादी विरोधी दृष्टि का महत्पूर्ण और सचेत दृष्टिकोण प्रदान करता है। प्रतिभागियों एवं वक्ताओं के बीच दिन के इंटरैक्टिव और चर्चा का समापन संगोष्ठी के साथ हुआ और इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम और रात्रिभोज दिया गया।

16 जनवरी, 2014

चौथे/अंतिम दिन के सत्र की अध्यक्षता प्रो. निर्मला एन चक्रवर्ती, रबीन्द्र भारती विश्वविद्यालय, कोलकाता ने की और इस सत्र में दो शोधपत्र प्रस्तुत किए गएः प्रो के श्रीनिवास, दर्शनशास्त्र विभाग,पुदुचेरी विश्वविद्यालय का 'इज सेल्फ–नॉलेज पॉसिबल'' और डॉ. सरोज कांता कार, कार्यक्रम अधिकारी, नई दिल्ली का 'ऑन मोरल एजेंसी इन द वेदांदिक एंड बुद्धिष्ट ट्रेडिशन'। मंदिता सेन, जेएनयू, नई दिल्ली का एक जिज्ञासु शोधपत्र भी प्रस्तुत किया गया। उनके शोधपत्र का शीर्षक ''एजेंसी एंड फर्स्ट–पर्सन अथॉरिटीः रिविजिटिंग द कमिटमेंट मॉडल ऑफ सेल्फ–नॉलेज'' था। डॉ. निषाद पटनायक, द न्यू स्कूल, न्यूयॉर्क ने अगले सत्र में दो शोधपत्र प्रस्तुत किए– न्यूयॉर्क सिटी– इंटरमिनेसी एंड आइडेंटिटीःकांत एंड हसरेल ऑन मोरल कन्शियसनेस और संजीत चक्रवर्ती, जादवपुर विश्वविद्यालय–रिविजिटिंग सेल्फ नॉलेज एंड एक्सटरनिलिज्म। इस सत्र की अध्यक्षता प्रो. के श्रीनिवास, पुदुचेरी विश्वविद्यालय ने की। दिन के तीसरे सत्र की अध्यक्षता कोस्टिका ब्राडटेन ने की और इस सत्र में पहला शोधपत्र प्रो. भगत ओनिम, जेएनयू, नई दिल्ली ने प्रस्तुत किया। इस शोधपत्र का शीर्षक ''प्रोब्लमटाइजिंग सेल्फ–आइडेंटिटी क्लेम'' था, इसे प्रस्तुत करने के बाद चर्चा आरंभ की गई। इस सत्र में दूसरा शोधपत्र टेडयूज सीसरस्की, इंस्टीटयूट ऑफ फिलोसफी, यूनिवर्सिटी ऑफ वारसो, पोलैंड प्रस्तुत किया जिसका शीर्षक ''एट्टीटयूड एंड नोरमेटिविटी'' था। डॉ. कोस्टिका ब्राडटेन, एसोसिएट प्रोफेसर, दर्शनशास्त्र, टेक्सास टेक विश्वविद्यालय, यूएसए ने चौथे दिन के लंच के बाद के चौथे सत्र में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया, उनके शोधपत्र का शीर्षक ''सेल्फ–नॉलेज एंड फेल्योर'' था। इस

सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर भगत ओनिम, जेएनयू, नई दिल्ली ने की। ब्राडटेन का पीस इस सत्र का केवल शोधपत्र है। दिन के शेष दो तकनीकी सत्रों में चार शोधपत्र प्रस्तुत किए गए मगर दुर्भाग्य से एक प्रस्तुतकर्ता डॉ. दीपा मिश्रा, सीएचएम कॉलेज अनुपस्थित थी। अन्य तीन शोधपत्र प्रस्तुत किए गए; प्रस्तुति के बाद चर्चा की गई।

''सेल्फ नॉलेज एंड मोरल आइडेंटिटी'' पर आयोजित इस सम्मेलन का समापन प्रतिभागियों के प्रत्युत्तरों और प्रो. डी पार्थसारथी, प्रभारी, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग, आईआईटी, बॉम्बे के धन्यवाद प्रस्ताव और प्रो. पी. आर. भट्ट, एचएसएस, आईआईटी बॉम्बे की समापन टिप्पणी के साथ हुआ। सम्मेलन की कार्यावाही को तैयार करने का निर्णय लिया गया। हाई टी के साथ सम्मेलन समाप्त हुआ।

आदिवासी स्वायत्तता की समीक्षा : स्व, घर और पर्यावास विषय की सगोष्ठी पर रिपोर्ट

यह सेमिनार 19–21 फरवरी, 2015 के बीच हैदराबाद विश्वविद्यालय के कैंपस में आयोजित किया गया था। इसमें हमें प्रतिभागियों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। मगर हमनें उदघाटन सत्र और पैनल चर्चा के अलावा कुल 18 शोधपत्रों को प्रस्तुत करने की अनुमति दी। उदघाटन सत्र की अध्यक्षता प्रो. अकोला पराशर सेन, अध्यक्ष, सामजिक विज्ञान स्कूल, हैदारबाद विश्वविद्यालय ने की। डॉ. अल्पा शाह, लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक ने प्रमुख भाषण दिया, जिसमें उन्होंने वैश्वीकृत दुनिया में आदिवासी स्वायत्तता के महत्व को रेखांकित और ध्वनित किया गया। देश के सभी हिस्सों से शोधपत्र आमंत्रित करने में पूरी सावधानी बरती गई थी। इसमें झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, बिहार, पूर्वोत्तर भारत, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना से शोधपत्र प्राप्त किए गए। इस सत्र का फोकस पांचवी अनुसूची के क्षेत्रों पर था।

इसमें प्रस्तुत प्रत्येक शोधपत्र पर गहन चर्चा की गई। प्रमुख संबोधन इस सेमिनार का मुख्य आकर्षण था और इसे प्रो. अर्चना प्रसाद और डॉ. बोधी ने आगे बढ़ाया। डॉ. बोधी ने भारत के आदिवासियों पर मौजूदा लेखन में इंथोसेट्रिज्म के रूझानों पर प्रकाश डाला। डॉ. राजू नायक ने तेलंगाना के आदिवासियों के मौखिक इतिहास में व्यक्त स्वायत्ता के बारे में बताया। डॉ. जगन्नाथ और विन्सेंट इक्का ने पहचान राजनीति और आदिवासी के प्रश्न पर प्रकाश डाला। प्रो. रेखा पांडे और डॉ. श्रीनिवास ने हमारी आधुनिक शिक्षा में आदिवासी स्वायत्तता के प्रश्न की अनुपस्थिति पर बात की। डॉ. शशांक केला और श्री सुजीत कुमार ने बताया कि कैसे आधुनिक प्रशासनिक प्रणाली परंपरागत आदिवासी राजनैतिक संस्थानों को और प्रणाली को छिन्न–भिन्न कर रही है। प्रो. देवनाथन और डॉ. शमराव ने भारत में वैश्वीकरण की प्रक्रिया और आदिवासियों के घरों और बस्तियों पर इसके प्रभाव पर प्रश्नचिन्ह लगाया। डॉ. सी. लक्ष्मण और डॉ. रामदास ने बताया कि कैसे आदिवासी को विकास प्रक्रिया से अलग रखा जा रहा है। डॉ. संयुक्ता दास गुप्ता ने औपनिविशक छोटा नागपुर में दिकु और आदिवासियों के बीच के संबंध के बारे में बताया और बताया कि यह कैसे आदिवासी और गैर–आदिवासी संबंधों को प्रदर्शित करना जारी रखे हुए हैं जबकि डॉ. वी.जे. वर्गीस ने दर्शाया कि कैसे प्रवास की प्रक्रिया केरल में आदिवासी स्वायत्ता को कमजोर कर रही है। डॉ. उमा महेश्वरी ने आध्र प्रदेश के पोलावरम क्षेत्र में आदिवासियों के विस्थापन की पड़ताल की। डॉ. बिपिन जोजो ने झारखंड में खनन और आदिवासियों के विस्थापन पर चर्चा की।

ख. संस्थानों और व्यक्तियों द्वारा आयोजित कार्यशालाओं के लिए आईसीपीआर अनुदान राशि

क्र. सं.	आयोजक का नाम	कार्यशाला का शीर्षक	स्वीकृतिधीन बजट
1	प्रोफेसर पी.जे. महंत, तेजपुर विश्वविद्यालय, नप्पम, तेजपुर 784028, असम	**समुदाय, संस्कृति, राजनीति और लोकतंत्र पर कार्यशाला,**	5,00,000
2	प्रोफेसर अनिल कुमार तिवारी, दर्शनशास्त्र एवं संस्कृति स्कूल, एसएमवीडी विश्वविद्यालय, जम्मू एवं कश्मीर	**शंकर अद्वैत दर्शन पर मौलिक कार्यशाला**	5,00,000
3	प्रोफेसर रमेश सी. भारद्वाज, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय	**मीमांसाःभाषा का दर्शनशास्त्र (भारतीय दर्शन के अन्य स्कूलों के संदर्भ में) पर दस दिवसीय कार्यशाला**	2,00,000

समकरा अद्वैत वेदांत पर प्रायोजित मौलिक कार्यशाला पर आईसीपीआर, नई दिल्ली की रिपोर्ट (16 से 31 मार्च, 2015)

दर्शनशास्त्र एवं संस्कृति स्कूल, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा ने 16 से 31 मार्च, 2015 तक 'उंकारा अद्वैत वेदांत पर मौलिक कार्यशाला'' का आयोजन किया। इस कार्यशाला को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली ने प्रयोजित किया था। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. वी. वर्मा, तत्कालीन कार्यवाहक उपकुलपति, एसएमवीडयू थे और निदेशक और कार्यशाला के संसाधन व्यक्ति प्रो. वी.एन. झा सम्मानित अतिथि थे। प्रो. वी.के. भट्ट, अध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, एसएमवीडीयू ने उदघाटन सत्र की अध्यक्षता की। डॉ. वरूण के. त्रिपाठी (निदेशक, एसओपीसी) ने मेहमानों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। डॉ. अनिल के. तिवारी (कार्यशाला के संयोजक) ने कार्यशाला के कॉन्सेप्ट नोट के बारे में बताया। अपने संबोधन में डॉ. तिवारी ने माध्यमिक स्रोतों और उधार की भाषा के आधार पर संस्कृत और इसकी आधुनिक समझ में भारतीय दार्शनिक ग्रंथों में वर्णित प्राचीन ज्ञान के बीच की चौड़ी खाई को भरने की जरूरत पर बल दिया। संसाधन व्यक्ति प्रो. झा ने भारत की आधुनिक शिक्षा में भारतीय बौद्धिक परंपरा के प्रमाणित और विश्वसनीय ज्ञान की उपेक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा इस मूल स्रोत, मुख्यतया संस्कृत भाषा में इस ज्ञान को सीखने का कोई विकल्प नहीं है। प्रो. भट्ट ने

अपने भाषण में बताया कि संस्कृत भाषा की समृद्धता किसी भी अन्य भाषा से अधिक है। मुख्य अतिथि प्रो. वर्मा ने स्वेदशी भाषाओं विशेषकर संस्कृत के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने विदग्ध टिप्पणी में उन्होंने कहा कि भारत के परंपरागत बुद्धिमत्ता का अपना ज्ञान संस्कृति की कमी के कारण बोलने वाले पेड़ के लेख पर आधारित है। उन्होंने यह भी बताया कि कोई भी संस्कृति तब तक फल–फूल नहीं सकती, जब तक कि इसके पास अपनी जबान और भाषा न हों। शोध विद्वानों और दर्शनशास्त्र एवं संस्कृत के संकाय सदस्यों और कुछ सामान्य रूचि वाले व्यक्तियों सहित कुल 52 व्यक्तियों ने इस कार्यशाला में भाग लिया। यह अलग बात है कि कुल 92 आवेदकों में से केवल 50 प्रतिभागियों को इसमें भाग लेने का अवसर मिल सका।

संस्कृत ग्रंथ का नाम धर्मराज अधवरिन्द्र का वेदांतपरिभाना (सी 17वीं शताब्दी एडी) था, जिसे प्रो. झा ने कार्यशाला के लिए चुना था। यह ग्रंथ जो ओंकार अद्वैत वेदोंन विवरर्ना स्कूल से संबंधित है, अद्वैत दर्शन का एक परिचय है। इसे नव्य–न्याय की संक्षिप्त भाषा में लिखा गया है जो संस्कृत भाषा में सटीक संचार के लिए लगभग 10वीं शताब्दी में विकसित की गई थी। अद्वैत परंपरा और नव्य–न्याय भाषा का जरूरी परिचय देने के बाद प्रो. झा ने ग्रंथ को पढने के लिए मार्गदर्शन दिया। वे ग्रंथ के पहले खंड के भाषाई और दार्शनिक बारीकियों के विस्तार में चले गए जो 'धारणा' है। चर्चा का केन्द्र बिंदु था अनुभूति को अवधारणात्क अनुभूति के रूप में कैसे वर्गीकृत किया जाता है। अद्वैत दर्शन के अनुसार, आध्यात्मिक और ज्ञानमीमांसा दशाएं क्या है, जो अवधारणात्मक अनुभूति के कारण हैं? चूंकि यह ग्रंथ संवदात्मक शैली में लिखा गया है, यह भारतीय शैक्षिक परंपरा की समृद्ध शैली है। न्याय और अद्वैत दर्शन के बीच संवाद की दृष्टि से चर्चा को आगे बढ़ाया गया। इस चर्चा को और रोचक बनाने के लिए प्रतिभागियों को उधमपुर के निकट क्रिमची मंदिर की सांस्कृतिक यात्रा पर ले जाया गया। इस टूर के गाइड प्रख्यात हिंदी और डोगरी लेखक प्रो. शिव निर्मोही, पंथाल गांव, निकट एसएमवीडीयू थे। माना जाता है कि ये मंदिर उसी काल में स्थापित किए गए थे जब अद्वैत दर्शन ओंकाराचार्य के प्रतिपादक जीवित थे (अर्थात् 7वीं या 8वी शताब्दी एडी)। यह कार्यशाला 31 मार्च, 2015 को समाप्त हुई और माननीय उपकुलपति, एसएमवीडीयू प्रो. सुधीर कुमार जैन समापन सत्र में मौजूद थे। कार्यशाला के संयोजक अनिल तिवारी ने कार्यक्रम की संक्षिप्त रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपकुलपति ने संसाधन व्यक्ति प्रो. वी.एन. झा को सम्मानित किया और संस्कृत भाषा एवं दर्शन के शिक्षण के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाणपत्र दिए गए और मेरिट की सराहना की गई। स्कूल के निदेशक वरूण त्रिपाठी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

भाषा की मीमांसा दर्शन पर राष्ट्रीय कार्यशाला पर रिपोर्ट

(जैसा कि व्याकरण, न्याय, काव्यशास्त्र और बौद्ध दर्शन की परंपरा में दिखाया गया है)
आईसीपीआर, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित

कमरा नंबर 11, प्रथम तल, सामाजिक विज्ञान एक्सटेंशन भवन, दिल्ली विश्वविद्यालय में 09.02.2015 से 19.02.2015 तक भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से संस्कृत विभाग द्वारा भाषा की मीमांसा दर्शन पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस कार्यशाला का उद्देश्य भाषा की संरचना को समझना था। भाषा की संरचना को समझकर कोई भी व्यक्ति हकीकत की संरचना को समझ सकता है। भाषा का दर्शन अर्थ की समकालीन दार्शनिक सिद्धांतों पर व्यापक बहस करता है। अर्थ के सिद्धांत को समझने के लिए व्यक्ति को उनके अंगों की वाक्यात्मक संरचना और प्रतिनिधित्ववादी अवधारणाओं के आधार पर वाक्यों की सत्य शर्तों को

विनिर्दिष्ट करने के लिए एक रूपरेखा की आवश्यकता होती है। इस रूपरेखा को ध्यान में रखकर 'शब्दार्थ–उपयोगितावाद' दृष्टि की परख की गई है जो सघन समकालीन निरीक्षण का फोकस है।

कार्यशाला का उदघाटन सत्र 9.02.2015 को आयोजित किया गया था। प्रो. वी.एन. झा, पूर्व निदेशक, संस्कृत अध्ययन केन्द्र, पूना विश्वविद्यालय, महाराष्ट्र इसके मुख्य अतिथि थे और प्रो. सूर्य कांत बाली, राष्ट्रीय प्रोफेसर, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ने इसकी अध्यक्षता की। कार्यशाला के निदेशक, प्रो. रमेश चंद्र भारद्वाज, प्रमुख, संस्कृत विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली ने अध्यक्ष और उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रोफेसर भारद्वाज ने अपने स्वागत भाषण में कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। प्रो. वी.एन. झा ने अपने उदघाटन भाषण में ग्रंथ न्याय–मंजरी (उब्धखंड) की प्रासंगिकता के बारे में जानकारी बढ़ाने पर बल दिया। यह सत्र काफी शिक्षाप्रद था क्योंकि इसमें प्रतिभागियों को ग्रंथ से अवगत कराया गया। इसने हमारी जानकारी बढ़ाने और सिद्धांत का अध्ययन करने के लिए प्रेरित करने में मदद की। प्रो. सूर्य कांत बाली ने संस्कृत भाषा के महत्व और इसका प्रसार करने के बारे में अध्यक्षीय टिप्पणी की।

दिल्ली विश्वविद्यालय और राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के 110 पंजीकृत प्रतिभागियों में से 103 प्रतिभागी (शिक्षक एवं शोध छात्र) ने राष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया।

कार्यशाला के पहले सत्र में प्रो. वी. एन. झा ने ग्रंथ न्याय–मंजरी (उब्धखंड) के संदर्भ में भारतीय दार्शनिक ग्रंथों की प्रासंगिकता के बारे में बताया। उनकी सारगर्भित चर्चा के बाद, प्रतिभागियों ने सवाल पूछे और सम्मानित विद्वान झा ने इनके जवाब दिए।

कार्यशाला के दूसरे दिन (10.02.2015) प्रो. एच.एस. प्रसार, दर्शनशास्त्र विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपोहा सिद्धांत पढ़ाया। अपोहा सिद्धांत सार्वभौमिक की समस्या, अनेकों पर एक की समस्या का दृष्टिकोण है। एक को स्पष्ट करने की समस्या कैसे संभव है, जब हम एक बर्तन को देखते हैं तो इसे बर्तन की तरह सोचते हैं और इसे 'बर्तन' नाम से पुकारते हैं, एक नाम जो कई दूसरे विशेष बर्तनों पर लागू होता है। एक चीज क्या है, एक बर्तन के नाते, यह विशेष कई विशेषों के साथ साझा होता है? क्या दुनिया में वास्तव में ऐसी चीजें हैं? एकल बर्तनों के अलावा, या यह किसी प्रकार को मानसिक रचना है? पहले विकल्प को अपनाना सार्वभौमिक से ऊपर यथार्थवादी होना होगा, दूसरे को अपनाना, नामवादी होना होगा। अपोहा सिद्धांत नामवादी होने के लिए एक विशिष्ट बौद्ध दृष्टिकोण है।

दूसरे दिन का दोपहर के बाद का सत्र न्याय–मंजरी ग्रंथ को पढ़ने के साथ शुरू हुआ और इसे सुगम बनाया प्रो. झा ने। यह ग्रंथ ईमानदारी से नायिका की परिकल्पना को स्थापित करने का प्रयास करता है कि उब्ध ज्ञान का विशिष्ट स्रोत है। भरोसेमंद व्यक्ति के वाक्यों से प्राप्त ज्ञान सत्य है। हालांकि यह अप्रत्यक्ष है मगर यह अनुमानिक नहीं है। उन्होंने उस विचार का खंडन किया कि मौखिक ज्ञान एक अनुमान है। यह अवधारणा पढ़ाई गई, जिसे शब्दार्थ संरचना और व्यक्ति के जीवन में इसके प्रयोग को और स्पष्ट किया गया।

कार्यशाला के तीसरे दिन (11.02.2015), प्रो. पियूष कांत दीक्षित ने शब्दशक्ति प्रकाशिका को पढ़ाया । तीसरे दिन के लंच के बाद के सत्र में प्रो. वी.एन. झा ने न्याय–मंजरी को 14.00 बजे शुरू किया। उन्होंने ग्रंथ को आगे बढ़ाया। उन्होंने बौद्धों की उस आपत्ति को दूर किया जो मानते हैं कि मौखिक ज्ञान सत्य नहीं है। नायिका की थीसिस को

सिद्ध करने के लिए कि वेद स्पष्ट नहीं हैं, उन्होंने बुनियादी समस्या को उठाया अर्थात् ज्ञान का सत्य स्पष्ट है या नहीं।

उन्होंने समस्या के दूसरे पहलु अर्थात् कारक, जो ज्ञान का अंग है, इसकी सच्चाई के लिए जिम्मेदार हैं या नहीं, पर भी चर्चा की। सभी विरोधी विचारों पर चर्चा करने बाद वे इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि ज्ञान के अंग का सत्य स्पष्ट नहीं है। सत्य ज्ञान के अंग को प्रकट करने के लिए ज्ञान के अंग के पहचाने गए कारकों के अलावा एक कारक अपेक्षित है।

12.02.2015 को न्याय–मंजरी ग्रंथ का अंतिम सत्र हुआ जो सुबह 10.00 शुरू हुआ। ग्रंथ के पठन के साथ सारगर्भित सिद्धांतों पर बात की गई जो भाषा के विकास, व्यक्ति के विचार और अर्थ को बेहतर जीवन के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। दोपहर बाद के सत्र में डॉ. राम सलाही द्विवेदी ने परमएलघुमंजुआ (मीमांसा–पूर्वखंड) एक्ति–निरूपम पर चर्चा की और इसे पढ़ाया।

13.2.2015 को प्रो. रेवा प्रसाद द्विवेदी और प्रो. एस द्विवेदी का प्रो. रमेश सी. भारद्वाज, विभागाध्यक्ष ने स्वागत किया। दिन का आरंभ ग्रंथ काव्यप्रकुआ (पनकामा उल्लास) के साथ हुआ। सत्र का नेतृत्व अनुभवी शिक्षकों ने किया, उन्होंने शिक्षण में मदद की और अतिरिक्त व्यावहारिक ज्ञान और सलाह प्रदान की। लंच के बाद के सत्र में, प्रोफेसर एस.के. शर्मा, पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख, जे,एन. व्यास, जोधपुर विश्वविद्यालय के साथ ग्रंथ धतवर्थाविचार को लिया गया। ग्रंथ के संक्षिप्त परिचय के साथ विभागाध्यक्ष ने उनका स्वागत किया और फिर हमने पठन कार्य शुरू किया।

कार्यशाला के छठे दिन (14.02.2015), प्रो. एस.के. शर्मा ने धतवर्थाविचार पढ़ाया गया और इसके बाद परस्पर संवाद सत्र शुरू हुआ। प्रतिभागियों ने ग्रंथ से संबंध में प्रश्न पूछें और संसाधन व्यक्ति ने इनके जवाब दिए।

लंच के बाद का सत्र 14.00 बजे प्रो रीवा प्रसाद द्विवेदी और प्रो. एस. द्विवेदी के साथ शुरू हुआ। उन्होंने ग्रंथ काव्यप्रकाश पढ़ाया। पढ़ाने और पढ़ने का माहौल काफी रोचक और मजेदार था।

कार्यशाला के सातवें दिन 15.02.2015 को खुशनुमा रविवार था और इसकी शुरूआत प्रो. एस.के. शर्मा के साथ धतवर्थाविचार की नवीन पढ़ाई के साथ हुई।

13.00 बजे सभी ने लंच का आनंद लिया और प्रो. आर.पी. द्विवेदी और प्रो. एस. द्विवेदी के साथ काव्यप्रकाश (पनकमाउल्लाह) के लिए तैयार हो गए।

16.02.2015 को नए दिन की शुरूआत सुबह 10.00 बजे चाय के साथ हुई और इसमें कई सूचनाप्रद सत्र थे। प्रो. देवदत्त गोविंद पाटिल, पूना, महाराष्ट्र ने मीमांसा ग्रंथ खंडवा–ग्रंथसार (भट्टानया शब्दबोधप्रकाश) पढ़ाया। दोपहर के बाद के सत्र में प्रो. आर.के भट्ट, पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख, वेदांत विभाग, शंकराचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय, कालाडी केरल ने वेदांत–परिभुआ (अगमपरिच्छेद) पढ़ाया।

17.2.2015 को डॉ. देवदत्त गोविंद पाटिल ने मीमांसा ग्रंथ खंडदेवग्रंथसार और प्रो. आर. के. भट्ट ने वेदांत–परिभुआ (अगमपरिच्छेद) पढ़ाया।

कार्यशाला के दसवें दिन डॉ. देवदत्त गोविंद पाटिल ने मीमांसा ग्रंथ खंडदेवग्रंथसार और प्रो. आर. के. भट्ट ने

वेदांत–परिभुआ (अगमपरिच्छेद) पढ़ाया।

ग. भारतीय दार्शनिक अनुसंधान शैक्षिक केन्द्र, लखनऊ में आईसीपीआर द्वारा आयोजित सेमिनार।

क्र.सं.	आयोजक का नाम	कार्यशाला का शीर्षक	स्वीकृतिधीन बजट
1	आईसीपीआर, शैक्षिक केन्द्र, लखनऊ	**सिद्धांत और अभ्यासः टूटे दर्पण में दलित पर** दो दिवसीय सेमिनार	5,00,000 रु.
2	आईसीपीआर, शैक्षिक केन्द्र, लखनऊ	**मानव मूल्यः विभाजन और गतिविज्ञान पर दया कृष्ण** पर सेमिनार	5,00,000 रु.
3	प्रो. राकेश चन्द्रा, संयोजक, लखनऊ	**11.11.14** को **शिक्षा दिवस**	35000 रु.
4	प्रो. राकेश चन्द्रा, संयोजक, लखनऊ	**युवा शोध छात्र निबंध प्रतियोगिता**	जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है
5	भारतीय राष्ट्रीय विज्ञाान अकादमी परिसर, नई दिल्ली में प्रो. बेनेडिक्ट लोवे और प्रो. मिहिर कुमार चक्रवर्ती, सह–संयोजक	**गणित की संस्कृति पर चौथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन**	22 से 25 मार्च, 2015

क्रम संख्या 1–4 की विस्तृत रिपोर्ट ऊपर खंड IV में उपलब्ध है।

गणित की संस्कृति पर चौथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन, नई दिल्ली
प्रोफेसर मिहिर कुमार चक्रवर्ती की रिपोर्ट

भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् ने भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी परिसर, नई दिल्ली में 22 से 25 मार्च के दौरान गणित की संस्कृति पर चौथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। पिछला और तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन गुआंगजौ, चीन में 9 से 12 नवंबर, 2012 में आयोजित किया गया था। इसमें दो भारतीय वक्ताओंः प्रो. अमिता चटर्जी, दर्शनशास्त्र के प्रख्यात प्रोफेसर और मुझे आमंत्रित किय गया था। इसमें मैंने चौथा सम्मेलन भारत में आयोजित करने का अनंतिम प्रस्ताव रखा था। तत्पश्चात, आरपीसी बैठकों में एक बैठक में मैंने ऐसा एक सम्मेलन आईसीपीआर के प्रयोजन के तहत कराने का प्रस्ताव किया था, जिसे स्वीकार कर लिया गया। प्रो. निर्मला नारायण चक्रवर्ती उस समय सदस्य सचिव थी। एक ओर प्रो. बेनेडिक्ट लोवे और प्रो. मृणाल मिरी के नेतृत्व में आईसीपीआर और दूसरी ओर से सदस्य सचिव डॉ. मनेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद थे, इन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए

शुरूआत की और यह वास्तव में काफी सफल भी रहा।

कुल 23 वक्ताओं में से 5 वक्ता भारतीय संस्थानों के भारतीय थे। एक वक्ता प्रवासी भारतीय थे। आस्ट्रिया, फ्रांस, जर्मनी, जापान इंग्लैंड, यूएसए, अर्जेंटाइना, बेल्जिम और स्कॉटलैंड जैसे देशें के विदेशी शोध छात्रों का इसमें स्वागत किया गया। इसमें भारतीय संस्थानों के कुछ आमंत्रित प्रतिभागी भी थे। इसमें दर्शकों की संख्या बहुत अधिक नहीं थी क्योंकि इसका उद्देश्य भीड़ को आकर्षित करना नहीं था बल्कि गणित, दर्शनशास्त्र और संस्कृति को ओवरलैप करने वाले नए विकसित हो रहे क्षेत्रों में रूचि पैदा करना था। इस कार्यक्रम के विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। प्रत्येक चर्चा के बाद एक गंभीर इंटरैक्शन हुआ। उदाहरण के लिए जापान के केंजी के अत्यंत रोचक व्याख्यान के बाद अल्बर्च्ट, हीफर, रामासुब्रामण्यम, अमिल सिमनोव, बेनेडिक्ट लोवे, आर सी दास, मेडिलाइन और मिहिर चक्रवर्ती द्वारा प्रश्न पूछे गए। सुनीता भट्ट की प्रस्तुति एक अलग ही किस्म की थी। उन्होंने दक्षिण भारत के कोलम नामक स्थानीय कला पर बात की और उनके अभ्यास में यथार्थ गणित प्रस्तुत हुआ है। विषयवस्तु को और प्रभावशाली बनाने और जीवंतता प्रदान करने के लिए प्रस्तुति में वीडियो का प्रयोग किया गया था – प्रस्तुति का यह रूप एक अनिवार्यता था न कि आकर्षण के लिए शो । बहरहाल, अधिकांश चर्चाए काफी आकर्षक थी।

उदघाटन सत्र में प्रो. मृणाल मिरी ने गणित और दर्शन की परस्पर क्रिया पर बात की। प्रो. बेनेडिक्ट लेवे ने सम्मेलन के विचार, इतिहास और संगठन के बारे में बताया। अन्य वक्ताओं में श्री वैभव अग्रवाल, हर्मन हाउस, नई दिल्ली और मिहिर कुमार चक्रवर्ती शामिल थे।

इसके समापन सत्र में यह प्रस्ताव रखा गया कि अगली बैठक ब्यूनस आर्यस, अर्जेंटीना में आयोजित की जाए। सदस्य सचिव, डॉ. सिंह ने सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट किया। सभी प्रतिभागियों ने आईसीपीआर संगठन और इसकी मेजबानी की जमकर तारीफ की।

इसमें एक मामूली सी कमी थी, जिसका यहां पर उल्लेख करना जरूरी है, वो यह थी कि अधिक प्रतिभागियों को आमंत्रित किया जा सकता था। अपनी किस्म का पहला कार्यक्रम होने के कारण यह अधिक लोगों को आकर्षित कर सकता था जो कि वास्तव में इस थीम में रूचि रखते थे, अगर इस सम्मेलन का व्यापक प्रचार किया जाता तो यह संभव हो सकता था।

घ. आईसीपीआर ने भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, शैक्षिक केन्द्र, लखनऊ में निम्नलिखित के निर्देशन में कार्यशालाओं का आयोजन किया।

क्र. सं.	निम्नलिखित के निर्देशन में	कार्यशाला का शीर्षक	स्वीकृतिधीन बजट
1	प्रो. पी. जे. महंत, तेजपुर विश्वविद्यालय, नप्पम, तेजपुर –784 028, असम	**मन का दर्शनशास्त्र** पर 10 दिवसीय कार्यशाला	5,00,000 रु.
2	प्रो. आर.सी प्रधान	**विश्लेषणात्मक दर्शन** के संस्थापकों पर 10 दिवसीय कार्यशाला	5,00,000 रु.

3	प्रो. प्रियदर्शनी जेटली	**दर्शनशास्त्र की रसेल की समस्याओं** पर 10 दिवसीय कार्यशाला	5,00,000 रु.
4	प्रो. बिजॉय मुखर्जी	**गणित के दर्शनशास्त्र पर 10 दिवसीय कार्यशाला (दार्शनिकों और समाज विज्ञानियों के लिए क्वांटम मैकेनिक्स)**	5,00,000 रु.
5	प्रो. वी.एन. झा	**तर्कसंघर्ष पर 13 दिवसीय कार्यशाला**	6,00,000 रु.

क्रम संख्या 1–5 की विस्तृत रिपोर्ट ऊपर खंड IV में उपलब्ध है।

क. लेखक से भेंट कार्यक्रम

क्र.सं.	**लेखक का नाम**	**लेखक का ग्रंथ**
1	कंचन महादेवन	बिटवीन फेमिनिटी एंड फेमिनिज्म, आईसीपीआर एंड डी.के प्रिंटवर्ल्ड, 2013.
2	निर्मलांगशु मुखर्जी	द प्राइमेसी ऑफ ग्रामर, एमआईटी पब्लीकेशन्स, 2010 (पीएचआई लर्निंग प्रा. लि. इंडियाए 2011)

क. लेखक से भेंट – प्रो. कंचन महादेवन पर रिपोर्ट

25 मार्च, 2015 को सेमिनार हॉल, आईआईसी, नई दिल्ली में 14.00 बजे एक आईसीपीआर लेखक से भेंट कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कंचन महादेवन की पुस्तक ''बिटवीन फेमिनज्म फेमिनिटी'' प्रस्तुत की गई थी और इस पर चर्चा की गई थी। इस कार्यक्रम की शुरूआत प्रो. महादेवन द्वारा पुस्तक के परिचय पर एक परिचर्चा के साथ हुई। उन्होंने उन विभिन्न विषयों पर चर्चा की, जो उन्होंने इस पुस्तक में शामिल किए हैं। उदाहरण के लिए उन्होंने महिलाओं के अधिकार के साथ–साथ पुनर्विवाह के समान अधिकार के मुद्दे, संरक्षणवाद और विश्वास पर बात की। इसमें समाज सुधारकों और दार्शनिकों जैसे सुसान, राव्ल्स पर टिप्पणी की गई है, जिन्होंने आजादी, देखभाल, सामाजिक न्याय और समाज के पुनर्गठन पर बात की है। अन्य दार्शनिक जैसे सिमोन डी बेयोवोइस, मार्था नोसबोम पर भी चर्चा की गई। उन्होंने ताराबाई सिंधे, जानाबाई और पंडित रमाबाई पर बात की और विषय पर अधारित उनके विचारों के बारे में बताया, जो उन्होंने अपनी किताब में शामिल किए हैं। उनकी पुस्तक पर मुख्य चर्चा प्रो. लता छतरे और प्रो. वैजयंती बेलसरे, पूना ने की। उन्होंने बौद्ध दृष्टि से देखभाल की अवधारणा और नारी नैतिकता के बारे में बताया। इसमें दिल्ली विश्वविद्यालय, जेएनयू और कोलकाता के कई अन्य प्रतिभागियों ने भी हिस्सा लिया और चर्चा बेहद रोचक थी।

लेखक और चर्चाकारों की चर्चा के बाद प्रतिभागियों ने विभिन्न मुद्दों पर लेखक से प्रश्न पूछें। इस प्रकार कार्यक्रम

बेहद बढ़िया रहा और सभी प्रतिभागी इससे पूरी तरह से संतुष्ट थे। इस कार्यक्रम का समापन डॉ. मनेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्य सचिव, परिषद् के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ और इसके बाद हाई टी दी गई।

व्याकरण की प्रधानता पर निर्मलांग्शु मुखर्जी की पुस्तक पर लेखक से भेंट कार्यक्रम पर रिपोर्ट

लेखक से भेंट कार्यक्रम 24 अगस्त, 2015 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित मृणाल मिरी की पुस्तक ''फिलॉसफी एंड एजुकेशन'' पर चर्चा की गई। कार्यक्रम कर शुभारंभ डॉ. मनेन्द्र प्रताप सिंह, सदस्च सचिव, परिषद् के स्वागत भाषण से हुआ। प्रो. एस.पी. गौतम ने सत्र की अध्यक्षता की।

इसमें कुल 30 शोध छात्र उपस्थित थे। प्रो. मिरी ने अपनी पुस्तक का परिचय दिया और बताया कि यह पुस्तक दर्शन एवं शिक्षा पर आलेख नहीं है बल्कि एक ऐसी कृति है जिसमें लेखक ने कुछ हताष विषयों पर से पर्दा उठाने का प्रयास किया है। ''शिक्षा क्यों महत्वपूर्ण है'', ''मूल्य क्या हैं और शिक्षा के मूल्य क्या हैं'', ''स्वयं के विकास का लक्ष्य'', ''शिक्षा का विकास'', ''शिक्षक–छात्र संबंध'' ''स्वयं के विकास के लिए संगीत एक साधन के रूप में'', जैसे मुद्दे महत्वपूर्ण थे। संगीत भावों को पैदा करता है और यह विलक्षता को व्यक्त करने में समर्थ है। ''उच्च शिक्षा – शिक्षा संस्थान में स्वायत्ता क्या है'', उच्च शिक्षा प्रणाली में मानविकी का स्थान'', ''कौशल विकास के रूप में प्रौद्योगिकी'' आदि भी चर्चा के मुख्य बिंदु थे।

डॉ. राज अय्यर, प्रोफेसर राकेश चद्रा, प्रो. मोहिनी मुल्लिक और प्रो. गुरूचरण दास ने पुस्तक पर बेहद रोचक प्रतिक्रिया और समीक्षा प्रस्तुत की। इसके अलावा, दर्शकों जैसे डॉ. शशि मेतिलाल, डॉ. मालाबिका मजूमदार, डॉ. रंजन घोष, डॉ. अग्रवाल जैसे दर्शकों द्वारा उठाए गए प्रश्नों पर चर्चा की गई। उठाए गए सभी प्रश्नों पर लेखक प्रो. मिरी ने अच्छे ढंग से जवाब दिए।

यह पूरा कार्यक्रम विचारप्रेरक था और यह न केवल दार्शनिक शोध छात्रों लिए बल्कि शिक्षाविदों और समाज विज्ञानियों के लिए भी फायदेमंद था।

IX
दर्शनशास्त्र के शिक्षकों का सम्मेलन

दर्शनशास्त्र शिक्षक सम्मेलन परिषद् का एक आदर्श कार्यक्रम है। यह दर्शनशास्त्र पढ़ाने में प्रणाली संबंधी और शैक्षणिक मुद्दों पर केन्द्रित था। ये उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने कि दार्शनिक मुद्दे और दर्शनशास्त्र पढ़ाने में सहायता के लिए समय–समय पर इनका समाधान किया जाना चाहिए। इसके दृष्टिगत परिषद् देश के अलग–अलग हिस्सों में शिक्षक बैठक आयोजित करता है। इस साल परिषद् ने दर्शनशास्त्र शिक्षक सम्मेलन निम्नलिखित विश्वविद्यालयों में आयोजित करने का संकल्प लिया हैः

1. आचार्य नागर्जुन विश्वविद्यालीय, नागार्जुन नगर

2. श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, उप–डाकघर, कटरा,
3. मथुरा कॉलेज, मदुरै
4. ए. एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना

उपरोक्त में प्रत्येक सम्मेलन के लिए 4 लाख रु. स्वीकृत किए गए हैं और निम्नलिखित संस्थानों के लिए 5 लाख रु0 स्वीकृत किए गए हैंः

5. कॉटन कॉलेज राज्य विश्वविद्यालय, गुवाहाटी
6. डिब्रुगढ़ विश्वविद्यालय, डिब्रुगढ़

इस वर्ष परिषद् ने देशभर में स्थित निम्नलिखित संस्थानों में दर्शशास्त्र शिक्षक सममेलन आयोजित करने का संकल्प किया हैः

1. माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, जम्मू, जम्मू एवं कश्मीर
2. पटना विश्वविद्यालय, पटना, बिहार
3. आर. डी. विश्वविद्यालय, जबलपुर, मध्य प्रदेश
4. आचार्य नागार्जुन विश्वविद्यालय, गुंटूर, आन्ध्र प्रदेश
5. मुद्रा कॉलेज, मदुरै, तमिलनाडु

इन सम्मेलनों के लिए प्रत्येक के लिए 4 लाख रु. स्वीकृत किए गए हैं। इस वर्ष सम्मेलन आयोजित नहीं किए जा सके और ये अगले वित्त वर्ष के लिए लंबित हैं।

दर्शनशास्त्र एवं संस्कृति स्कूल, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा, जम्मू एवं कश्मीर

द्वारा आयोजित
उत्तर–पश्चिम जोन दर्शनशास्त्र शिक्षक सम्मेलन की रिपोर्ट
25–27 फरवरी, 2015

दर्शनशास्त्र एवं संस्कृति स्कूल, माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय, कटरा द्वारा 25 से 27 फरवरी, 2015 को ''भारतीय उच्चतर शिक्षा में दर्शन का भविष्य'' विषय पर तीन दिवसीय ''उत्तर–पश्चिम जोन दर्शनशास्त्र शिक्षक सम्मेलन'' आयोजित किय गया था। इस कार्यक्रम को भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित किया गया था। इस सम्मेलन का उदघाटन प्रो. सुधीर के. जैन, उपकुलपति, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय ने किया

और इस अवसर पर डॉ. एम.पी. सिंह, सदस्य सचिव, आईसीपीआर, नई दिल्ली, प्रो. वेद कुमारी घई (पदम श्री), सेवानिवृत्त संस्कृत के प्रोफेसर, जम्मू विशविद्यालय और प्रो. वी. के. भट्टट, अध्यक्ष, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय, श्री माता वैष्णो देवी विश्वविद्यालय सम्मानित अतिथि थे। डॉ. वी. के. त्रिपाठी (निदेशक, एसओपीसी) ने सभी अतिथियों का स्वागत किया, जबकि अनिल के. तिवारी (संयोजक) ने सम्मेलन के कान्सेप्ट नोट की जानकारी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. सिंह, एमएस, आईसीपीआर ने देशभर में दर्शनशास्त्र के विषय को बढ़ावा देने के लिए आईसीपीआर के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आईसीपीआर द्वारा प्रायोजित विभिन्न कार्यक्रमों और छात्रवृत्तियों का भी उल्लेख किया। उनहोंने परिषद् के लखनऊ स्थित शैक्षिक केन्द्र में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में जानकारी दी और केन्द्र द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में बताया। उन्होंने उपस्थित शोध छात्रों से गतिविधियों और कार्यकलापों का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

